শর্মা হার্ডওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 304 | गुवाहाटी | मंगलवार, 4 जून, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

ब्रह्मोस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को उम्रकैद — पेज 2
राज्य में बाढ़ से तीन और लोगों की मौत, 5.35 लाख लोग प्रभावित — पेज 3
प्रचंड जीत को लेकर हमें पहले दिन से विश्वास : शेखावत — पेज 5
पहला सेट गंवाने के बाद सिनर ने की वापसी... — पेज 7

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*भाग्य बहादुर और कर्मठ व्यक्ति का ही साथ देता है। पीछे मुडकर मत देखो आगे, अपार शक्ति, अपरिमित उत्साह, अमित साहस और धैर्य से ही महत्वपूर्ण कार्य निष्पन्न किए जा सकते हैं।*
– **स्वामी विवेकानंद**

### न्यूज गैलरी

## दूरदर्शन करेगा टी20 विश्व कप मैचों का लाइव प्रसारण

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रसार भारती दो जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप का प्रसारण डीडी फ्री डिश प्लेटफॉर्म पर करेगा। इसके साथ प्रसार भारती कई प्रमुख वैश्विक अंतर्राष्ट्रीय खेल -शेष पृष्ठ दो पर

## नतीजों से पहले भाजपा ने की अहम बैठक

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जश्न मनाने की तैयारियों में लग गई है। सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर पार्टी के नेताओं की अहम समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक करीब दो घंटे तक चली। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, अश्विनी वैष्णव, मनसुख मांडविया, महासचिव -शेष पृष्ठ दो पर

# हजारों प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

## पूरी तरह से तैयार है आयोग : ईसी




**नई दिल्ली ( एजे / हि.स. )।** देश में 18वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में चुनाव संपन्न हो चुके हैं। 97 करोड़ मतदाताओं ने 543 लोकसभा सीटों पर चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कर दिया है। इनमें से गुजरात की सूरत लोकसभा सीट छोड़कर 542 सीटों का फैसला कल यानी 4 जून 2024 को आएगा। ऐसे में हम सभी के मन में सवाल आता है कि इतनी बड़ी संख्या में वोटों की गिनती कौन करता है और कैसे होती है? चुनाव आयोग (ईसीआई) की ओर से रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति की जाती है, जो कल यानी 4 जून को पारदर्शिता के साथ बिना किसी बाधा के मतगणना कराएंगे। लोकसभा चुनाव में वोटों की गिनती रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओएस) की देखरेख में किसी बड़े हॉल में होती है। इनके अलावा, चुनाव आयोग की ओर से एक वरिष्ठ अधिकारी को पर्यवेक्षक के तौर पर तैनात किया जाता है। वोटों की गिनती शुरू करने से पहले रिटर्निंग ऑफिसर और असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर मतों की गोपनीयता बनाए रखने की शपथ लेंगे। मतगणना शुरू होने से पहले जोर-जोर से बोलकर शपथ लेते हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। हालांकि, किसी विशेष परिस्थिति में समय में बदलाव भी किया जा सकता है। सबसे पहले बैलेट पेपर और इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम (ईटीपीबीएस) के जरिए डाले गए वोटों की गणना होगी। बता दें कि आमतौर पर बैलेट पेपर व ईटीपीबीएस के जरिए चुनाव ड्यूटी में तैनात सरकारी कर्मचारी, सैनिक, देश के बाहर सेवारत सरकारी अधिकारी, बुजुर्ग मतदाता व प्रिवेंटिव डिटेंशन में रहने वाले लोग मतदान करते हैं। इन वोटों को गिनने में करीब आधे घंटे का समय लग जाता है। सुबह 8-30 बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ ईवीएम के वोटों की गिनती शुरू होती है। हॉल में एक राउंड में 14 ईवीएम के वोटों की गिनती की जाती है। मतगणना केंद्र पर मौजूद रिटर्निंग ऑफिसर प्रत्येक राउंड की गिनती के बाद रिजल्ट का एलान करते हैं। साथ ही इसे चुनाव आयोग की वेबसाइट पर भी अपडेट किया जाता है। मतों की गिनती का पहला रुझान सुबह 9 बजे से आना शुरू हो जाएगा। बता दें कि देश की 542 सीटों पर चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आएगा। इनमें से गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी की निर्विरोध जीत हो गई थी। उधर चुनाव आयोग का कहना है कि कल होने वाली मतदान प्रक्रिया के लिए वह पूरी तरह से तैयार है। आयोग की चुनाव प्रक्रिया पूरी -शेष पृष्ठ दो पर

### सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

## राज्य की 14 सीटों के लिए 58 केंद्रों पर होगी मतगणना



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** लोकसभा चुनाव के बाद वोटों की गिनती मंगलवार को होगी। मतगणना को लेकर प्रत्येक जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्रों की 58 मतगणना केंद्रों पर कल सुबह 8 बजे शुरू होगी। कोकराझार लोकसभा क्षेत्र की गोसाईगांई, कोकराझार, चिरांग, बिजनी और बाक्सा के पांच मतगणना केंद्रों पर होगी। धुबड़ी लोकसभा क्षेत्र की मतगणना छह केंद्रों पर होगी। इसी तरह बरपेटा लोकसभा क्षेत्र की छह मतगणना केंद्रों वोटों की गिनती होगी। दरंग-उदालगुरी निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना चार केंद्रों पर, गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र की मतगणना तीन केंद्रों पर होगी। इसी तरह डिफू (एसटी) लोकसभा क्षेत्र की मतगणना चार, करीमगंज निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना दो, सिलचर (एससी) निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना एक, नगांव लोकसभा क्षेत्र के तहत मतगणना दो, काजीरंगा निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना छह, शोणितपुर में निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना चार, लखीमपुर निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना छह, डिब्रूगढ़ निर्वाचन क्षेत्र की -शेष पृष्ठ दो पर

## असम के 3500 पुलिसकर्मियों ने चार राज्यों में चुनाव ड्यूटी सफलतापूर्वक पूरी की



**गुवाहाटी ( एजे )।** असम पुलिस की 35 कंपनियों के लगभग 3,500 पुलिसकर्मी छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में लोकसभा चुनावों के दौरान अपनी जिम्मेदारियां निभाने के बाद असम वापस जाने के लिए तैयार हैं। असम पुलिस बटालियन (एपीबीएन) के लगभग 3,500 कर्मियों सहित असम पुलिस कर्मियों की तैनाती संसदीय चुनाव 2024 के लिए किसी भी राज्य पुलिस बल से सबसे बड़े योगदान में से एक थी। डीजीपी जीपी सिंह के अनुसार, सात कमांडेंटों के नेतृत्व में कर्मियों को उपरोक्त राज्यों में तैनात किया गया था। उनकी तैनाती 28 मार्च को शुरू हुई थी और वे कल से वापस लौटने वाले हैं। उत्तर और मध्य भारत की भीषण गर्मी का सामना करने के बावजूद, अधिकारियों और कर्मियों ने समर्पण और व्यावसायिकता का परिचय दिया और असम पुलिस के झंडे को गर्व के साथ ऊंचा रखा। उनकी अनुकरणीय सेवा के सम्मान में, असम पुलिस -शेष पृष्ठ दो पर

*अफवाह फैलाना, हर किसी पर संदेह करना सही नहीं...सजा मिलेगी*

## अमित शाह के खिलाफ जयराम रमेश के आरोपों पर ईसी ने लगाई फटकार



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार (3 जून) को कांग्रेस नेता जयराम रमेश के उस आरोप पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को होने वाली मतगणना से पहले जिला अधिकारियों को कॉल किए और उन्हें धमकाया। उनके आरोपों पर चुनाव आयोग ने कहा कि किसी भी अधिकारी ने किसी भी तरह के *अनुचित दबाव* बनाए जाने की सूचना नहीं दी है। आयोग ने कांग्रेस नेता रमेश से आज शाम 7 बजे तक अपने आरोप के समर्थन में विवरण मांगा है, ताकि कार्रवाई की जा सके। जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि निवर्तमान गृह मंत्री अमित शाह आज सुबह से जिला कलेक्टर्स से फोन पर बात कर रहे हैं, अब तक 150 अफसरों से बात हो चुकी है, अफसरों को इस तरह से खुल्लमखुल्ला धमकाने की कोशिश निहायत ही शर्मनाक है एवं अस्वीकार्य है, याद रखिए कि लोकतंत्र जनादेश से चलता है, धमकियों से नहीं। 4 जून को जनादेश के -शेष पृष्ठ दो पर

## नतीजे एग्जिट पोल के बिल्कुल विपरीत होंगे : सोनिया गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 1 जून को संपन्न हुआ, अब सभी की निगाहें 4 जून पर हैं, जब चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। एग्जिट पोल के मुताबिक, एनडीए गठबंधन को 371-401 सीटें मिलने का अनुमान है, जबकि आई.एन.डी.आई.ए. ब्लॉक 109-139 सीटें हासिल कर सकता है। अन्य दलों को 28-38 सीटों पर कब्जा करने की उम्मीद है. सभी राजनीतिक दल उत्साहपूर्वक अपनी जीत का दावा कर रहे हैं, जो एक उच्च प्रत्याशित -शेष पृष्ठ दो पर

## संदेशखाली में फिर हिंसा, पुलिस और महिलाओं में भिड़ंत



**कोलकाता।** संदेशखाली में मतदान के 24 घंटे के बाद फिर से हिंसा भड़क उठी है। संदेशखाली के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट रूप से गड़बड़ी की सूचना मिली है। मारपीट, तोड़फोड़ और अशांति फैलाने के आरोप में 9 लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रशासन संदेशखाली के विभिन्न इलाकों में माइकिंग कर शांति का संदेश दे रहा है। संदेशखाली की चार पंचायतों में धारा 144 जारी कर दी गई है। दूसरी ओर, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सीएम ममता बनर्जी को पत्र लिखकर संदेशखाली हिंसा के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। संदेशखाली के सरबेरिया गांव में ग्रामीणों ने रात भर तृणमूल के खिलाफ हिंसा की शिकायत की। बीजेपी कार्यकर्ता और समर्थक गांव में पहरा दे रहे हैं। सुरक्षा की मांग को लेकर पुलिस को एक प्रतिनिधिमंडल भी सौंपा गया। इस बीच, पुलिस और स्थानीय महिलाओं में भिड़ंत हुई है। संदेशखाली के अगरघाटी का मंडलपाड़ा इलाके में झड़प की घटना घटी। मतदान के दिन इस गांव में पुलिस और भीड़ में झड़प की स्थिति बन गयी थी। रविवार सुबह जब पुलिस गांव में दाखिल हुई तो लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस ने उसे ले जाने की कोशिश की। तभी गांव की महिलाओं ने आरोपी को पुलिस के हाथ से छीनने की कोशिश की। रहवासियों ने पुलिस की गाड़ी के आगे लेटकर विरोध जताया। फिर पुलिस गांव में घुसने लगी। केंद्रीय बल के जवानों को देख महिलाएं तालाब में कूद गईं। -शेष पृष्ठ दो पर

## हार की निश्चितता देख चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा रही है कांग्रेस : भाजपा




**नई दिल्ली ( हि.स. )।** लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले कांग्रेस के प्रक्रिया पर सवाल उठाने पर भाजपा ने पलटवार करते हुए इसे हार की निराशा बताया है। भाजपा ने कहा कि चुनाव में हार की निश्चितता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा रही है। कांग्रेस अपरिहार्य हार की संभावना से बौखला गई है और अनर्गल बातें कर रही है। लोकतंत्र पर सवाल उठा रही है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय पर आयोजित एक प्रेसवार्ता में राज्यसभा सदस्य और भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री के -शेष पृष्ठ दो पर

## नतीजों के आने तक दिल्ली में जुटे रहेंगे आई.एन.डी.आई.ए. ब्लॉक के नेता



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को आई.एन.डी.आई.ए. ब्लॉक के वरिष्ठ नेताओं को मंगलवार रात तक दिल्ली में मौजूद रहना है, जब मतगणना समाप्त हो जाएगी या 5 जून की सुबह। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव के नतीजों के संबंध में कार्य योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। यदि परिणाम उनकी अपेक्षाओं और आकलन के अनुरूप नहीं आते हैं, तो ब्लॉक नेता एक बैठक करेंगे और प्रदर्शन, प्रेस कांफ्रेंस और राष्ट्रपति से मुलाकात सहित विकल्पों पर चर्चा करेंगे। इन कदमों के जरिए वे चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाएंगे. टीएमसी नेता और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भी इस पर सकारात्मक रुख अपनाने की खबर है। इसके साथ ही कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। कांग्रेस की तरफ से कहा गया है कि गड़बड़ लगे तो वीडियो बनाएं। इससे पहले, कांग्रेस नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में -शेष पृष्ठ दो पर

## पाकिस्तानी सेना में पहली बार क्रिश्चियन महिला हेलेन मैरी रॉबर्ट्स बनीं ब्रिगेडियर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना की मेडिकल कोर में सेवारत डॉ. हेलेन मैरी रॉबर्ट्स ने देश के इतिहास में ब्रिगेडियर का पद हासिल करने वाली ईसाई और अल्पसंख्यक समुदाय की पहली महिला बनकर इतिहास रच दिया है। पाकिस्तान के दैनिक समाचारपत्र में रविवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिगेडियर हेलेन उन पाकिस्तानी सेना अधिकारियों में शामिल थीं जिन्हें चयन बोर्ड द्वारा -शेष पृष्ठ दो पर

*मालदीव के बैन से भड़कते हुए इजरायल ने अपने नागरिकों को दी हिदायत, कहा-*

## जहां पीएम मोदी गए, वहां जाओ...



**तेल अबीब।** मालदीव ने एक ऐसी गलती कर दी, जिसके लिए अब इजरायल उसे कभी नहीं छोड़ने वाला है। भारत के साथ पंगा लेने के बाद अब मालदीव इजरायल को आंख दिखा रहा है। तुर्किए के ड्रोन्स को अपने देश में शामिल करने के साथ ही मालदीव को लगा कि वो दुनिया के किसी भी देश को आंख दिखा सकता है। पहले उसने भारत को आंख दिखाई। फिर उसकी निगाहें इजरायल पर जा टिकी। लेकिन इजरायल ने भी भारत की तरह मालदीवको माकूल जवाब दिया। मोहम्मद मुइज्जू ने इजरायली नागरिकों के देश में प्रवेश पर बैन लगा दिया है। गाजा में इजरायली हमले को लेकर मुस्लिम देशों में चलते विरोध के बीच अब मालदीव ने अपने तेवर दिखा रहा है। मालदीव के गृह मंत्री ने प्रेस वार्ता में बताया कि कैबिनेट ने इजरायल पोर्ट पर मालदीव में प्रवेश पर प्रतिबंध के लिए कानूनों में बदलाव का फैसला किया है। मालदीव द्वारा इजरायली पासपोर्ट धारकों को देश में यात्रा करने से प्रतिबंधित करने के एक दिन बाद सोमवार को भारत में इजरायली दूतावास ने इजरायलियों के दौरे के लिए कई भारतीय समुद्र तटों का जिक्र किया है। एक्स पर एक पोस्ट -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# ब्रह्मोस के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को उम्रकैद

## *आईएसआई के लिए करता था जासूसी*




**नई दिल्ली।** नागपुर की जिला अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अभियंता निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने और गोपनीय जानकारी देने का दोषी ठहराते हुए सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत के आदेश के मुताबिक अग्रवाल को 14 साल तक सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी और उसपर तीन हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र अदालत के न्यायाधीश एम.वी.देशपांडे ने अपने आदेश में कहा कि अग्रवाल को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 (एफ) और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराध के लिए भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-235 के तहत दोषी करार दिया जाता है। विशेष लोक अभियोजक ज्योति वजानी ने बताया कि अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत अग्रवाल को उम्रकैद और 14 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई और तीन हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। अग्रवाल नागपुर स्थित कंपनी के मिसाइल केंद्र में तकनीकी अनुसंधान प्रभाग में कार्यरत थे और उन्हें 2018 में सैन्य खुफिया प्रभाग और उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) के संयुक्त अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया था। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व अभियंता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और सख्त शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अग्रवाल चार साल से ब्रह्मोस के केंद्र में कार्यरत था और पाकिस्तान की इंटर सर्विस इंटेलिजेंस (आईएसएस) को संवेदनशील तकनीकी जानकारी देने का आरोपी था। ब्रह्मोस एयरोस्पेस, भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस के मिलिट्री इंडस्ट्रियल कंसोर्टियम का संयुक्त उद्यम है। अग्रवाल को बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने पिछले साल अप्रैल में जमानत दे दी थी।

## कामपुर में बाढ़ प्रभावितों की दुर्दशा कम नहीं हुई

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिलांतर्गत कामपुर में बरपानी और कपिली नदियों का जलस्तर कम हुआ है लेकिन बाढ़ प्रभावित लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। अभी भी बाढ़ पीड़ित अपने घरों तक नहीं पहुंच पाए हैं। कई लोगों के घरों से पानी अभी तक नहीं सूखा है। राजमार्ग भी अभी तक नहीं खोल पाया है। निशारी और हरिया नदियों का पानी एक के बाद एक गांवों में घुस गया है। तेतेलिसरा, तेलियाती, बरहोला, अमरावती, जुमुरमुर, कठालगुड़ी, बेंगनाटी सहित कई गांव अभी भी पानी में डूबे हुए हैं। एक हजार से अधिक लोग आश्रय शिविर में हैं। वहीं शिविर में रहने वाले लोगों का कहना है कि पीने के पानी उन्हें नहीं मिल पा रहा है। कामपुर राजस्व चक्र 98 गांव के बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, जिसके चलते लगभग 2 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। हालांकि, बाढ़ का पानी अब धीरे-धीरे उतर रहा है, बावजूद लोग काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद



**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान और क्षेत्र वर्चस्व चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान काकचिंग जिले के मोल्टिंगचाम गांव से चार 36 एचई ग्रेनेड बिना डेटोनेटर और फ्यूज के, दो हेलमेट, दो देशी विस्फोटक पाइप लांचर, एक बाओफेंग रेडियो हैंडसेट, तीन 12 बोर कारतूस, पांच 2 मोर्टार स्मोक शेल, तीन बीपी वेस्ट और एक पैर की पायल बरामद किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा पूरे राज्य में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## मणिपुर पुलिस ने 62 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 62 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 191 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 121 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

## कलियाबोर के बागरी में दो ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिले के कलियाबोर के बागरी से दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बागरी पुलिस ने आज बताया है कि बीती रात पुलिस चौकी के सामने दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार ड्रग्स तस्करों की पहचान बागरी के हरमती के सुकुर अली और गयासुद्दीन के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों के पास से मादक पदार्थों की तस्करी में प्रयुक्त बाइक (एएस-02एपी-5681) के साथ 37 ड्रग्स भरे हुए प्लास्टिक के कंटेनर जब्त किए गए। बागरी पुलिस ने गिरफ्तार दोनों युवकों को जांच के लिए जखलबंधा पुलिस को सौंप दिया।

## दो अज्ञात शव



**गुवाहाटी।** दो अज्ञात शव जीएमसीएच के मुरदा घर में है, जिसकी लिखित जानकारी भांगागढ़ थाने को दे दी गई है, ताकि वह आवश्यक कार्रवाई करे। प्राप्त समाचार के अनुसार दो अज्ञात शवों में एक पुरुष की उम्र 65 वर्ष है, जिसका देहावसान आज 3 जून सुबह साढ़े आठ बजे हुई। जिसे 30 मई को अस्पताल में भर्ती किया गया था। दूसरे व्यक्ति की मृत्यु कल यानि 2 जून को सुबह 9.45 बजे हुई थी। 38 वर्षीय उस व्यक्ति का शव मुर्दाघर में रखा गया है।

## कांग्रेस नेता ने सोनिया गांधी के सम्मान में एक मंदिर बनवाया



**तेलांगना/ नई दिल्ली ( हि.स. )।** तेलंगाना में सोनिया गांधी के सम्मान में एक मंदिर बनवाने को लेकर कांग्रेस के एक नेता चर्चा का विषय बने हुए हैं। ये हैं कांग्रेस नेता नेवुरी वेंकट रेड्डी। जिन्होंने यहां पर सोनिया गांधी के सम्मान में मंदिर बनवाया है । सोनिया गांधी के सम्मान में बनवाए गए मंदिर का एक वीडियो सोशल मीडिया एक्स पर वायरल हो रहा है। इस मंदिर में कांग्रेस नेता धूप, बत्ती, फूलमाला और नारियल के साथ पूजा अर्चना करते नजर आ रहे हैं। तेलंगाना के कांग्रेस नेता वेंकट रेड्डी विधानसभा चुनाव के पहले भी खूब चर्चा में थे। कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का खुलासा करने से पहले वे खुद को पार्टी का वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री का दावेदार मान रहे थे।

APOLLO HOSPITALS CHENNAI
Apollo HOSPITALS
GENERAL & LAPAROSCOPIC SURGEON
Dr: Jameel Akhter MS ( Gen Surg), FIAGES, FLS ( GERMANY), FICS
Will be available only for consultation at Guwahati
ON 16th June'2024
Patients suffering from Jaundice,Ulcers,Burning Sensation in the stomach, Liver Problem, Gallbladder Stone, Blood vomitting, Blood in motion Abdominal Pain, Change in Bowel Habits, Pancreatic Disease, Hernia, Anorectal disease (Piles & Fistula). etc can contact.
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph :8404037649, 03613102669, 0361-3102166

## खालिस्तानी समर्थकों पर कार्रवाई करने में ट्रूडो सरकार मौन

**टोरन्टो।** कनाडा में आए दिन खालिस्तान समर्थक भारत विरोधी हमले और तिरंगे का अपमान करते नजर आ रहे हैं लेकिन ट्रूडो सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। अब तक ट्रूडो सरकार ने भारत विरोधी एजेंडा चलाने वालों पर ना तो कोई कार्रवाई की है और ही किसी को हिरासत में लिया है। सोशल मीडिया पर अब एक ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें खालिस्तान के समर्थन में लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। इतना ही नहीं वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि दो व्यक्ति भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को हाथ में पकड़े हुए हैं और उनमें से एक व्यक्ति तलवार निकालता है और झंडे को बीच में से फाड़ देता है। वहीं एक अन्य झंडा जमीन पर पड़ा हुआ है। आरोपी की पहचान मनजिंदर सिंह के रूप में हुई है। अभी तक इस मामले में अभी ट्रूडो सरकार ने ना तो भारत विरोधी तत्वों पर कोई कार्रवाई की है और ना ही किसी की गिरफ्तारी हुई है। बता दें कि कनाडा ने भारत के खिलाफ काम कर रहे खालिस्तानी आतंकवादियों को खुली छूट दे रखी है। भारत ने कनाडा, यूके समेत अन्य पश्चिमी देशों के सामने उनके यहां खालिस्तानी अलगाववादियों की बढ़ती सक्रियता को लेकर चिंता जताई है। पिछले महीने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि किसी भी देश के लिए अपनी प्रतिष्ठा के लिए इस तरह का संदेश भेजना अच्छा नहीं है। हमें उम्मीद है कि भारतीय मिशनों पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कनाडा की स्थिति के बारे में जयशंकर ने कहा कि हमें कनाडा में वीजा देना रोकना पड़ा था। हमारे राजनयिक काम पर जाने के लिए सुरक्षित नहीं थे। उन्हें बार-बार धमकाया गया, डराया गया। उस समय कनाडा की सरकार से बहुत कम सहयोग मिल रहा था। इसमें तब से सुधार हुआ है। इससे पहले भी 17 मार्च को कनाडा के अल्बर्टा के कैलगरी शहर में खालिस्तान समर्थक इकट्ठा हुए थे। इस दौरान भी उन्होंने इसी प्रकार की हरकर की थी। एक खालिस्तानी समर्थक ने तिरंगे को खंजर की नोंक पर छिन्न-भिन्न कर दिया था। हालांकि, एक भारतीय गुट ने इसका विरोध किया और खालिस्तानी समर्थकों से भिड़ गया। लेकिन पुलिस ने उनको रोक लिया। उल्लेखनीय है कि पिछले साल जी-20 समिट में शामिल होने आए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को खालिस्तान के मुद्दे पर फजीहत का सामना करना पड़ा था। कनाडाई पीएम के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा में बढ़ते भारत विरोधी हमलों को लेकर चिंता जताई थी। ट्रूडो ने इस पर जवाब देने से इनकार कर दिया। वहीं ट्रूडो जब कनाडा पहुंचे तो वहां भी उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा था।

Apollo HOSPITALS
APOLLO HOSPITALS CHENNAI
LIVER SPECIALIST /TRANSPLANT TEAM
DR. ELAN KUMARAN. MBBS,MS,MRCS,DNB,Mch,PDF
Will be available only for consultation at Guwahati
on 15th June'2024
Patients suffering from Liver Failure, Hepatitis B & C, Alcoholic Liver Disease, Liver Cirrhosis & Liver Tumour etc can register their names:
APOLLO HOSPITALS INFORMATION CENTER
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop,
Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
Contact : 03612223663/9678769107/8134095156

# *पृष्ठ एक का शेष*

### *पूरी तरह से तैयार...*

तरह से मजबूत है। करीब 10 लाख अधिकारी मतगणना प्रक्रिया में शामिल हैं और कुल राजनीतिक व अन्य को जोड़ दिया जाए तो करीब 70 से 80 लाख लोग इस प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अन्य दो आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने देशभर में मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज आकाशवाणी के रंग भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इसमें उन्होंने चुनाव आयोग की इन चुनावों में प्राप्त उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि इसबार आयोग ने क्या नया सीखा। राजीव कुमार ने कहा कि आयोग के खिलाफ नरेटिव के लिए हमें पहले से तैयार होना चाहिए था। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठने शुरू हो गए। इसका हमने मुकाबला भी किया लेकिन उसमें गलत धारणाओं को बदलने में समय लगा। इसके अलावा उन्होंने गर्मी को भी प्रमुख विषय माना और कहा कि मतदान की प्रक्रिया को इतना आगे नहीं ले जाना चाहिए था। चुनाव आयोग ने बताया कि इस बार करीब 64.2 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया, जिसमें 31.2 करोड़ महिलाएं थीं। उन्होंने कहा कि मतदान की यह संख्या जी7 देशों की डेढ़ गुना और यूरोप की आबादी के पांच गुना है। उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सीईसी ने बताया कि इस बार पिछले आम चुनाव के 540 स्थानों के मुकाबले केवल 39 स्थानों पर ही दोबारा मतदान कराना पड़ा। इनमें से भी अरुणाचल और मणिपुर में 25 स्थान हैं यानि देशभर में लगभग न के बराबर दोबारा मतदान करना पड़ा। इस बार का मतदान हिंसा मुक्त रहा। इस बार आयोग की सख्ती से करीब 10 हजार करोड़ रुपए की जब्ती की गई है। हिंसा के विषय पर चुनाव आयुक्त ने बताया कि कुछ राज्यों पश्चिम बंगाल, मणिपुर, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती आचार संहिता के समय के बाद भी रहेगी। राज्य सरकारों के अंतर्गत यह चुनाव बाद होने वाली हिंसा को रोकने के लिए काम करेंगे। मतपत्रों की गिनती पहले पूरी कर नतीजे घोषित करने के सवाल पर चुनाव आयोग ने कहा कि नियम तय हैं और उसके तहत गिनती होगी। लगातार मतपत्रों से होने वाले मतदान की संख्या में इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मामलों में मतपत्रों की गिनती पहले पूरी हो ही जाती है। उन्होंने कहा कि मतपत्रों की गिनती शुरू होने के आधे घंटे बाद ईवीएम की गिनती होती है और उसके बाद पांच वीवीपैट मशीनों से उसका मिलान किया जाता है।

### *असम के 3500 ...*

मुख्यालय तैनात बलों के प्रत्येक सदस्य को उनकी प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त करते हुए महानिदेशक का प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान करेगा। हालांकि, कर्मियों की वापसी पर दुख का साया है क्योंकि विभाग तैनाती के दौरान अपने दो सदस्यों की मौत का शोक मना रहा है। 5वीं एपीबीएन के लांस नायक मोनोज गोगोई की छत्तीसगढ़ में सेरेब्रल मलेरिया से मौत हो गई, जबकि 1 एपीबीएन के कांस्टेबल मिंटू रे की बिहार में डूबने से मौत हो गई।

### *अमित शाह के ...*

अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व भाजपा सत्ता से बाहर होंगे और विपक्षी आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन विजयी होगा। अफसरों को किसी प्रकार के दबाव में नहीं आना चाहिए व संविधान की रक्षा करनी चाहिए, वे निगरानी में हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि *अफवाह* फैलाना और *हर किसी पर संदेह करना* सही नहीं है। क्या कोई उन सभी को (जिला मजिस्ट्रेट/रिटर्निंग अधिकारी प्रभावित कर सकता है? क्या कोई 500-600 लोगों को प्रभावित कर सकता है? हमें बताएं कि यह किसने किया। हम उस व्यक्ति को दंडित करेंगे जिसने ऐसा किया। उन्हें वोटों की गिनती से पहले विवरण बताना चाहिए। यह सही नहीं है कि आप अफवाह फैलाएं और हर किसी पर संदेह करें। राजीव कुमार ने कहा कि उन्होंने वोटों की गिनती से पहले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों द्वारा उठाई गई मांगों को भी स्वीकार कर लिया है। सीईसी कुमार ने कहा कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को हमारी ओर से स्वीकार किया गया है। उन्होंने मांग की कि कंट्रोल यूनिट्स की सीसीटीवी से निगरानी होनी चाहिए। हमने उनकी मांगों को माना और हम ऐसा ही करेंगे। बता दें कि विपक्षी गठबंधन आई.ए.डी.आई.ए. के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को चुनाव आयोग की पीठ से मुलाकात की और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि 4 जून को सभी दिशानिर्देशों का पालन किया जाए। चुनाव आयोग के खिलाफ *लापता जैंटलमैन* के दावों का खंडन करते हुए सीईसी कुमार ने कहा कि हमने अपने प्रेस नोटों के माध्यम से संवाद करने का विकल्प चुना, जिनमें से 100 से अधिक मतदान के दौरान जारी किए गए थे। चुनाव आयोग ने कहा कि वरिष्ठ नेता होने के नाते रमेश ने यह सार्वजनिक बयान उन तथ्यों के आधार पर दिया होगा जिन्हें वे सही मानते हैं। चुनाव आयोग ने जयराम रमेश को लिखे गए पत्र में कहा है कि कि इस संबंध में यह ध्यान देने योग्य है कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने की अवधि में सभी अधिकारी आयोग की प्रतिनियुक्ति पर माने जाते हैं और वे किसी भी निर्देश के लिए सीधे आयोग को रिपोर्ट करते हैं। हालांकि, किसी भी डीएम ने आपके द्वारा लगाए गए किसी भी अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी है। जैसा कि आप जानते हैं, वोटों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक आरओ दो सौंपा गया एक पवित्र कर्तव्य है और आपके द्वारा दिए गए ऐसे सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं, इसलिए व्यापक जनहित में इस पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। चुनाव आयोग ने कहा कि इसलिए एक राष्ट्रीय पार्टी के जिम्मेदार, अनुभवी और बहुत वरिष्ठ नेता होने के नाते आपको मतगणना के दिन से ठीक पहले तथ्यों/सूचनाओं के आधार पर ऐसा सार्वजनिक बयान देना चाहिए जिसे आप सच मानते हैं। अनुरोध है कि उन 150 डीएम का ब्यौरा, जिन्हें गृह मंत्री की ओर से कथित रूप से इस तरह के कॉल किए गए हैं, आपके द्वारा दी गई जानकारी के तथ्यात्मक मैट्रिक्स/आधार के साथ आज यानी 2 जून, 2024 को शाम 6 बजे तक साझा किया जाएं, ताकि समुचित कार्रवाई की जा सके।

### *नतीजे एग्जिट पोल ...*

परिणाम के लिए मंच तैयार कर रहा है। वहीं, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी कहा कि हमें इंतजार करना होगा। बस, इंतजार करो और देखो। हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल जो कह रहे हैं, हमारे नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि भारत गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है क्योंकि लोगों ने हमें अपना समर्थन दिया है हसन चांद ने कहा कि एग्जिट पोल कल गलत साबित होंगे। उधर भाजपा और चुनाव आयोग ने एक लंबा चुनाव आयोजित किया। गर्म मौसम के बावजूद, सभी राजनीतिक दलों और 140 करोड़ लोगों ने लोकतंत्र के उत्सव में भाग लिया। भारतीय ब्लॉक ने अपनी पूरी ताकत और सभी दलों के साथ एकता के साथ चुनाव लड़ा। हमें यकीन है कि लोकतंत्र लोकसभा चुनाव 2024 पर कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत कहते हैं कि कल हमारा संविधान जीतेगा।

### *संदेशखाली में फिर...*

इस बीच, राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने कहा कि संदेशखाली में चुनाव के बाद हिंसा की रिपोर्ट मिलने के बाद वह चिंतित हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तुरंत हस्तक्षेप करने और वहां शांति बहाल करने को कहा है। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने ममता बनर्जी को पत्र लिखकर उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में हिंसा की घटनाओं में शामिल लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में सूचित करने के लिए कहा है। अगर ऐसे हमले जारी रहे और निवासियों को प्रताड़ित किया गया, तो मैं उनके लिए यहां आने और रहने के लिए राजभवन के दरवाजे खोल दूंगा। उन्हें यहां सुरक्षित आश्रय प्रदान किया जाएगा। दूसरी ओर, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब पुलिस कथित तौर पर उन पर हमला करने वाले कुछ लोगों की तलाश में वहां गई थी, तो संदेशखाली के अगरघाटी गांव में महिलाएं रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) कर्मियों के साथ हाथापाई में शामिल हो गईं, पेड़ों की टहनियां गिरा दीं और सड़कों को अवरुद्ध कर दिया।

### *हार की निश्चितता...*

खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया। अगर आप भाजपा और हमारी सरकार के खिलाफ ऐसा करते हैं तो हम इसे स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन जब लोकतंत्र के खिलाफ ऐसा करते हैं तो यह स्वीकार्य नहीं है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे चुनाव के दौरान हमारा आदर्श वाक्य *विकास और विश्वास* था, जबकि विपक्ष का आदर्श वाक्य *प्रचार और भय पैदा करें* था। अब चुनावी प्रक्रिया समाप्त हो गई है, परिणाम के लिए कुछ ही घंटों का इंतजार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपरिहार्य हार के कारण बौखला गई है। कांग्रेस की कोई पहली हार नहीं है। चुनाव में कांग्रेस ने कई बार सरकारें खोई हैं। वर्ष 1967 में तमिलनाडु में और वर्ष 1977 में पश्चिम बंगाल में सत्ता खोने के बाद कभी भी सत्ता में वापस नहीं आई। वर्ष 1989 में कांग्रेस उत्तर प्रदेश और बिहार में हार गई और वे कभी सत्ता में वापस नहीं आई। वर्ष 1990 में कांग्रेस ने गुजरात खो दिया और वहां कभी सत्ता में नहीं आई। अब विपक्ष भड़काऊ बातें कर लोगों में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक बयान में दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देशभर में जिला मजिस्ट्रेट को फोन कर रहे हैं। इस कवायद का मकसद उन्हें प्रभावित करना है। रमेश के मुताबिक गृह मंत्री अबतक 150 से अधिक जिलाधिकारियों को कॉल कर चुके हैं। कांग्रेस नेता जयराम के इस बयान पर चुनाव आयोग ने जवाब मांगा है।

### *नतीजों के आने ...*

आई.एन.डी.आई.ए. ब्लॉक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात की, जिसमें मतगणना के लिए निर्धारित सख्त नियमों का पालन करने की मांग की गई और ईवीएम पर डाक मतपत्रों की गिनती को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया। उनके साथ सलमान खुर्शीद, डी राजा, समाजवादी पार्टी नेता राम गोपाल यादव, संजय यादव, नासिर हुसैन और सीताराम येचुरी जैसे अन्य नेता भी थे। उनकी मुलाकात के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई।

### *पाकिस्तानी सेना में ...*

ब्रिगेडियर और पूर्ण कर्नल के रूप में पदोन्नत किया गया था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ब्रिगेडियर के रूप में हेलेन की पदोन्नति पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि पूरे देश को उन पर और अल्पसंख्यक समुदायों से आने वाली उनकी जैसी हजारों मेहनती महिलाओं पर गर्व है, जो देश की सेवा कर रही हैं। शहबाज शरीफ ने कहा कि मैं और पूरा देश ब्रिगेडियर हेलेन मैरी रॉबर्ट्स को पाकिस्तानी सेना में ब्रिगेडियर के पद पर पदोन्नत होने वाली अल्पसंख्यक समुदाय की पहली महिला होने का सम्मान प्राप्त करने पर बधाई देता हूं। पिछले साल रावलपिंडी के क्राइस्ट चर्च में क्रिसमस समारोह के दौरान पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने देश के विकास में अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना की थी। ब्रिगेडियर डॉ. हेलेन वरिष्ठ चिकित्सक हैं और पिछले 26 वर्षों से पाकिस्तानी सेना में कार्यरत हैं।

### *जहां पीएम मोदी...*

में दूतावास ने पोस्ट किया कि चूंकि मालदीव अब इजरायलियों का स्वागत नहीं कर रहा है, यहां कुछ खूबसूरत और अद्भुत भारतीय समुद्र तट हैं जहां इजरायली पर्यटकों का गर्मजोशी से स्वागत किया जाता है और अत्यधिक आतिथ्य के साथ व्यवहार किया जाता है। हमारे राजनयिकों द्वारा देखे गए स्थानों के आधार इजरायल की इन सिफारिशों को देखें। मुंबई में इजराइली महावाणिज्य दूत कोबी शोशानी ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनवरी के उस पोस्ट का जवाब दिया, जिसमें पीएम मोदी ने लक्षद्वीप की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की थी। यह मालदीव के रविवार को इजरायली पासपोर्ट वाले व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के फैसले के बाद आया है। मालदीव के होमलैंड सुरक्षा और प्रौद्योगिकी मंत्री अली एहसान ने राष्ट्रपति कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान इस निर्णय की घोषणा की। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने कैबिनेट की सिफारिश के बाद इजरायली पासपोर्ट पर प्रतिबंध लगाने का संकल्प लिया है।

### *दूरदर्शन करेगा टी20...*

आयोजनों का भी प्रसारण करेगा, जिसमें पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 (26 जुलाई -11 अगस्त 2024), पेरिस पैरालंपिक गेम्स (28 अगस्त - 8 सितंबर 2024), भारत बनाम श्रीलंका (27 जुलाई -7 अगस्त 2024), फ्रेंच ओपन 2024 (8 और 9 जून 2024), विंबलडन 2024 (13 और 14 जुलाई 2024) के महिला और पुरुष फाइनल, भारत बनाम जिम्बाब्वे के बीच अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला (6 जुलाई -1 जुलाई 2024) के लाइव एवं स्थगित लाइव और हाइलाइट्स शामिल हैं। यह घोषणा सोमवार को नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने की। इस मौके पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल, सीईओ प्रसार भारती गौरव द्विवेदी और महानिदेशक- दूरदर्शन कंचन प्रसाद के साथ सुखविंदर सिंह द्वारा गाया गया एक विशेष गाना *जज्बा* लॉन्च किया। सचिव ने प्रसिद्ध कथाकार नीलेश मिश्रा की आवाज में सुनाए गए टी20 कार्यक्रम का प्रोमो भी लॉन्च किया। इस मौके पर गौरव द्विवेदी ने मंगलवार को मतगणना प्रक्रिया के लिए दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो दोनों द्वारा की गई विस्तृत व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतगणना की लाइव कवरेज दिन भर दूरदर्शन के चैनलों और ऑल इंडिया रेडियो पर प्रसारित किया जाएगा।

### *नतीजों से पहले ...*

बीएल संतोष, विनोद तावड़े सहित कई नेता मौजूद थे। बैठक के बाद भाजपा नेता विनोद तावड़े ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि बैठक में मतगणना और चुनाव की समीक्षा की गई। देशभर के काउंटिंग सेंटरों पर कार्यकर्ताओं की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि वोटिंग कम क्यों रही, इस पर भी बैठक में विस्तार से चर्चा की गई।

### *राज्य की 14 ...*

मतगणना तीन केंद्र और जोरहाट निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना छह केंद्रों पर होगी। बजाली जिले में वोटों की गिनती भट्टदेब विश्वविद्यालय में होगी। मतगणना के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। केंद्रों पर राज्य पुलिस बल के अलावा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गयी है। मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए कई कदम उठाए गये हैं।




# राज्य में बाढ़ से तीन और लोगों की मौत, 5.35 लाख लोग प्रभावित



**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ के कारण स्थिति गंभीर बनी हुई है और बारिश से जुड़ी घटनाओं में तीन और लोगों की मौत हो गई। राज्य में कई नए इलाके जलमग्न हो गए हैं। हालांकि एक आधिकारिक बुलेटिन में बताया गया कि बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या में मामूली कमी आई है। इसमें कहा गया है कि राज्य में नदियां अब भी उफान पर हैं और विभिन्न इलाकों में प्रभावित लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के एक बुलेटिन में रविवार रात को बताया गया कि बाढ़ से 13 जिलों में 5,35,246 लोग अब भी प्रभावित हैं। शनिवार को 10 जिलों में बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या 6,01,642 थी। कछार में दो और नागांव में एक व्यक्ति की मौत होने के साथ ही 28 मई से लेकर अब तक बाढ़ और तूफान में मारे गए लोगों की संख्या 18 हो गयी है। एएसडीएमए के बुलेटिन के अनुसार, तीन प्रमुख नदियां–कोपिली, बराक और कुशियारा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। विभिन्न जिलों में 39,000 से अधिक विस्थापित लोगों ने 193 राहत शिविरों में शरण ली है। इसके साथ ही 82 अन्य राहत वितरण केंद्र भी बनाए गए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) समेत कई एजेंसियां और स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव अभियान चला रहा है जबकि प्रभावित इलाकों में चिकित्सा दलों को भी तैनात किया गया है। बाढ़ के कारण विभिन जिलों से सड़कों, पुलों और अन्य संपत्ति समेत बुनियादी ढांचे को नुकसान की खबरें आई हैं।

## बदरपुर में गाय को बचाने की कोशिश के दौरान बाढ़ के पानी में डूबा युवक

**कछार ( हिंस )।** बाढ़ में डूबी गाय को बचाने के प्रयास में एक युवक बाढ़ के पानी में डूब गया। यह दुखद घटना कछार जिलांतर्गत के बरखला बदरपुर में हुई। मृतक की पहचान नजीर हुसैन के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि बाढ़ के पानी में डूबी अपनी पालतू गाय को बचाने के लिए युवक जलाशय में घुस गया। बाद में गाय को बचाने के प्रयास में युवक पानी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों का एक समूह आगे बढ़कर युवक को जलाशय से बाहर निकाला, हालांकि, उसके पहले ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## साहित्य सभा के पाठशाला अधिवेशन में 1,000 से अधिक पुस्तकों का विमोचन होगा

**बजाली ( हिंस )।** असम साहित्य सभा के आगामी पाठशाला अधिवेशन में 1000 से अधिक पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। यह घोषणा राज्य सरकार के मंत्री एवं स्थानीय विधायक रंजीत कुमार दास ने पाठशाला में की। इस बीच साहित्य सभा के आगामी पाठशाला अधिवेशन में व्यापार मेले की जगह विज्ञान मेला लगेगा। असम के प्रमुख थिएटर दर्शकों के लिए मुफ्त में प्रदर्शन करने की व्यवस्था की गई है। मंत्री रंजीत कुमार दास ने असम साहित्य सभा के 77वें द्विवार्षिक अधिवेशन पर चर्चा करने के लिए एक बैठक में हिस्सा लेते हुए इस बारे में विस्तार से अन्य कई बातों की जानकारी साझा की।

## ड्रग्स समेत तीन गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के खानापाड़ा इलाके में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), असम की टीम ने अभियान चलाकर ड्रग्स समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने आज बताया कि दिसपुर थाना क्षेत्र के खानापड़ा इलाके में स्थित वेटरनरी क्लिनिक कंपलेक्स के सामने चलाए गए अभियान के दौरान तीन ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारों तस्करों की पहचान दीपांकर सैकिया (19, जोरहाट), इमरान हुसैन (22, नलबाड़ी) और पंकज राजवंशी (21, बाक्सा) के रूप में की गई है। गिरफ्तार तीन आरोपियों के पास से 52 प्लास्टिक के छोटे-छोटे सीसी में भरकर रखे गए 70 ग्राम हेरोइन के अलावा नगद 8,160 रुपए जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों को ड्रग्स समेत एसटीएफ ने दिसपुर पुलिस को सौंप दिया। दिसपुर पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही हैं।

## रंगिया : मूल्य वृद्धि के विरोध में छात्र संघ का विरोध-प्रदर्शन



**रंगिया ( विभास )।** अखिल असम छात्र संस्था के आह्वान पर तथा कामरूप जिला छात्र संस्था के सौजन्य से राज्य में आवश्यक खाद्य वस्तुओं, रसोई गैस, पेट्रोल और जीवन दायिनी दवाइयों की कीमतों में वृद्धि की निंदा करते हुए सोमवार को रंगिया में विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर संस्था के नेता और समर्थक रंगिया के हाईवे चौक पर एकत्र हुए और खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री हाय हाय, मूल्य वृद्धि कम करो, असम सरकार हाय हाय आदि नारे लगाते हुए रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ आवाज उठाई। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित रहते हुए अखिल असम छात्र संस्था के कार्यालय सचिव भवज्योती डेका ने कहा कि राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सर्वसाधारण लोगों के बारे में नहीं सोचकर अपने शरीर की देखभाल में लगे हुए है, वे अपने शरीर की देखभाल को लेकर समाजिक माध्यम में अपनी फोटो पोस्ट कर रहे है। यह हम सभी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं मौके पर उपस्थित अखिल कामरूप जिला छात्र संस्था के महासचिव तौफीकुर रहमान ने कहा कि खाद्य आपूर्ति विभाग की निष्क्रियता शर्म का विषय है। उन्होंने कहा कि आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमत में बढ़ोतरी ने लोगों को मुसीबत में डाल दिया है। इसके बाद भी आपूर्ति मंत्री मौन है जोकि हम सभी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बात है। उन्होंने आपूर्ति मंत्री से मांग की कि जल्द से जल्द मूल्य वृद्धि को कम कर आम जनता को राहत प्रदान करें अन्यथा हम उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। वहीं कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनकारियों ने खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया और आवश्यक पदार्थों और जीवन रक्षक दवाओं पर मूल्य वृद्धि से पड़ने वाले गंभीर प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए असम सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। संस्था के विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में अखिल कामरूप जिला छात्र संस्था के सलाहकार गोलोक राजवंशी, कार्यालय सचिव बुबुल अली, सांगठनिक सचिव विश्वजीत कलिता और स्यामंत कलिता भी उपस्थित थे।

## रंगिया के उदियाना में 300 लीटर डीजल की चोरी

**कामरूप ( हिंस )।** कमरूप (ग्रामीण) जिलांतर्गत रंगिया के उदियाना में सनसनीखेज चोरी का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार टैंकर से 300 लीटर डीजल चोरी हो गया। घटना के अनुसार टैंकर चालक ने रंगिया में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर उदियाना स्थित गुरु गोबिंद ढाबा के सामने टैंकर (जीजे-12बीवाई-9177) को रोका, इसी बीच चालक को निंद आ गई। इसी बीच सड़क किनारे खड़े टैंकर से लगभग 300 लीटर डीजल की चोरी हो गई। आज सुबह ड्राइवर की जब आंख खुली तो उसने देखा कि डीजल टैंकर के एक तरफ डीजल पसरा हुआ है। चालक ने बाद में जांच की और पुष्टि की कि उसने रात में उसके टैंकर से लगभग 300 लीटर डीजल चुराया गया है। नामरूप से लखनऊ जाते समय रंगिया के उदियाना में डीजल चोरी होने के बाद चालक ने रंगिया पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बीच, गुरु गोबिंदा ढाबे के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, लेकिन यह पता नहीं सका कि डीजल किसने चुराया। इसे देखते हुए पुलिस ने इस मामले की पुनः जांच शुरू की है।

## कोकराझाड़ में शांतिपूर्ण मतगणना की तैयारी



**कोकराझाड़ ( विभास )।** कोकराझाड़ जिला प्रशासन ने 4 जून को होने वाली शांतिपूर्ण मतगणना के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई है। रिटर्निंग ऑफिसर प्रदीप कुमार द्विवेदी ने पुष्टि की कि पांच निर्धारित केंद्रों पर सुचारू और व्यवस्थित मतगणना सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। ये केंद्र गोसाईगांव, कोकराझाड़, काजलगांव, बिजनी और बाक्सा के मुसलपुर में स्थित हैं, जो कोकराझाड़ लोकसभा क्षेत्र के तहत कोकराझाड़, चिरांग और बाक्सा के तीन जिलों को कवर करते हैं। मतगणना प्रक्रिया के प्रबंधन के लिए कुल 27 सहायक रिटर्निंग अधिकारी और लगभग 750 मतगणनाकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तीन-स्तरीय सुरक्षा प्रणाली स्थापित की गई है। व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोकराझाड़ जिला प्रशासन ने बेसिक ट्रेनिंग सेंटर कोकराझाड़ में स्ट्रांग रूम के 100 मीटर के दायरे में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू कर दी है। द्विवेदी ने उम्मीद जताई कि मतगणना प्रक्रिया मतदान की तरह ही शांतिपूर्ण होगी, जो बिना किसी घटना के संपन्न हुई। उन्होंने सभी से मतगणना अवधि के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने का आग्रह किया। सभी उपायों के साथ, प्रशासन 4 जून को निर्बाध मतगणना प्रक्रिया के लिए आशान्वित है।

## विश्वनाथ पीएचई कार्यालय ने मानव को सर्वश्रेष्ठ ठेकेदार के रूप में दी मान्यता



**विश्वनाथ ( विभास )** विश्वनाथ में पीएचई कार्यालय ने असम लोक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग (सड़कें) और पीडब्ल्यूडी (हाउस) के प्रथम श्रेणी ठेकेदार मनाब हजारिका को उप-मंडल के तहत सर्वश्रेष्ठ ठेकेदार के रूप में मान्यता दी है। जल जीवन के तहत 1 करोड़ 20 लाख, 35 हजार, 23 रुपए से विश्वनाथ के उत्तर-पश्चिमी भाग में चेलाईखाटी के कछारी भाग 2 में जल आपूर्ति के निर्माण के लिए ठेकेदार ने मिशन और अपना अनुबंध कार्य पूरा कर लिया है। चटिया के रहने वाले मानब ने छह महीने के अंदर 180 परिवारों को उनके घरों से जोड़ा और उन्हें पानी मुहैया कराया। असम लोक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग, बिश्वनाथ उप-मंडल कार्यालय ने बीते कल कार्यालय परिसर में आयोजित एक समारोह में मनबक को सर्वश्रेष्ठ ठेकेदार के रूप में फूल गोमोचा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में बिश्वनाथ विधायक प्रमोद बरठाकुर, विभाग के अधिकारी और कर्मचारी और ठेकेदार उपस्थित थे।

## डबका टोल गेट पर हुई मारपीट, दो गिरफ्तार

**होजाई ( हिंस )।** होजाई जिलांतर्गत डबका स्थित टोल गेट पर मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि बीती रात डबका में टोल गेट पर भीषण मारपीट हुई। एक ड्राइवर की फिल्मी अंदाज में पिटाई करने का आरोप टोल गेट के कर्मचारियों पर लगाया गया है। बताया गया है कि टोल गेट के कर्मचारियों का एक वर्ग छोटी सी बात को लेकर चालक की पिटाई किया है। इससे पहले भी डबका टोल गेट पर मारपीट की ऐसी ही घटना हो चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार डबका टोल गेट पर टोल कर्मचारियों ने रहीमुद्दीन नामक ड्राइवर की पिटाई कर दी। विवाह समारोह के वाहन में सवार लोगों के एक वर्ग ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उपद्रवी कर्मचारियों के चंगुल से ड्राइवर को बचाया। हालांकि, डबका पुलिस ने पिटाई के आरोप में टोल कर्मचारी रोहन नायक, महेंद्र और याह्या आलम को मध्य रात को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन मोंटू कुमार, रजब अली सहित कई और आरोपी अभी भी फरार बताए गए हैं।

## बंगाईगांव : हिंदीभाषियों पर अभद्र टिप्पणी को लेकर होटल मालिक के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**बंगाईगांव।** बंगाईगांव शहर के बीचों-बीच स्थित तथा आचार्य तुलसी मार्ग में अवस्थित होटल बेबीलोन के मालिक अब्दुल रहमान द्वारा हिंदीभाषी समाज विशेष कर मारवाड़ी समाज एवं बिहारी समाज के लोगों के बारे में की गई गलत टिप्पणी एवं जाति सूचक टिप्पणी को लेकर पूरे हिंदीभाषी समाज में सर्वत्र निंदा हो रही है। होटल मालिक पर आरोप है कि वह आसपास के लोगों को हमेशा अभद्र भाषा से गाली गलोच करता है। मारवाड़ियों को राजस्थान भेजने की तथा बिहारीयों को बिहार खदेड़ने की धमकी देता है। होटल मालिक एवं उसकी पत्नी ने राजेश प्रसाद एवं हरिशंकर साह नामक दो मजदूरों को धमकाने का आरोप है तथा बंगाईगांव के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्री विनोद शर्मा के साथ दुर्व्यवहार करने का भी गंभीर आरोप है। इस संदर्भ में मारवाड़ी सम्मेलन की बंगाईगांव शाखा तथा श्री अग्रवाल समाज सभा ने दो अलग-अलग ज्ञापन जिले के पुलिस अधीक्षक श्री मोहनलाल मीणा को सौंपे तथा तथाकथित अभियुक्त के विरुद्ध न्याय संगत कार्रवाई करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक ने समाज के प्रतिनिधि मंडल की बातें गौर पूर्वक सुनी तथा उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक के साथ हुई सोहार्द्रपूर्ण माहौल में बातचीत के लिए प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक की प्रशंसा की। मारवाड़ी समाज की दोनों संस्थाओं की ओर से गए प्रतिनिधि मंडल में श्री राजेंद्र हरलालका, श्री अजीत सिंह भंसाली, श्री मनोज कुमार हरलालका, श्री महेश कुमार अग्रवाल सम्मिलित थे। ज्ञात हो कि इस विषय को प्रभावी ढंग से प्रशासन के सामने रखने के लिए श्री विकास शर्मा की अहम भूमिका रही तथा परिवार द्वारा संयम के साथ इस अप्रिय परिस्थिति का कुशलता से सामना करने के लिए सम्पूर्ण समाज द्वारा प्रसंशा की जा रही है।

## अग्रवाल सम्मेलन की असम प्रदेश इकाई का गठन



**गुवाहाटी ( विभास )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में असम प्रदेश कार्यकारिणी की सभा पलटन बाजार की एक होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें असम प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी के नाम की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कैलाश लोहिया को प्रादेशिक अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया। इसके अलावा मदन गर्ग को उपाध्यक्ष,राजेश भूत को कोषाध्यक्ष, अजय पोद्दार को महामंत्री के रूप में मनोनीत किया। अशोक धानुका को सलाहकार के रूप में मनोनीत किया गया। इससे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय भोपाल,कैलाश लोहिया, रामावतार बुडाकिया,अशोक धानुका,मदन गर्ग, अजय पोद्दार ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर सभा का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संबोधन देते हुए कहा कि हम जिस समाज से संबंध रखते हैं उस समाज को आगे बढ़ना हमारा नैतिक दायित्व बनता है। हम असम में आकर मां कामाख्या के आशीर्वाद से खून पसीना एक करके जो मान सम्मान कमाया है उसके साथ ही हमारे समाज का जो गौरवमय इतिहास है% हमारे बुजुर्गों का जो त्याग% तपस्या व बलिदान का इतिहास है, उसकी जानकारी हमारे युवा पीढ़ी को भी मिले ताकि वे अपने आप को इस इतिहास को सुनकर गौरवान्वित महसूस कर सके। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महाराजा अग्रसेन के वंशजो की संस्था है ।देश में अग्रवाल समाज के सदस्यों की संख्या 10 करोड़ से भी अधिक है। देश की अर्थव्यवस्था का अधिकतम भाग अग्रवाल व्यापारियों ने संभालकर रखा है। देश को आजाद करने में सबसे बड़ा योगदान अग्रवाल समाज का है। देश को आजाद करने में 29त्न स्वतंत्रता सेनानी अग्रवाल समाज से थे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का गठन बंसल गोत्री लाल शंकर ने किया था। आजादी के बाद संसद में 82 सांसद अग्रवाल समाज से थे। लेकिन धीरे-धीरे यह संख्या घटती गई और अग्रवाल समाज की आवाज को उठाने वाले प्रतिनिधीयो की संख्या भी घटती गई। अतः अग्रवाल समाज की बातों को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार करने के उद्देश्य से 1975 में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का गठन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अग्रोहा में भव्य रुप मे बनने वाले अग्रवाल समाज की कुलदेवी महालक्ष्मी मंदिर के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं मंदिर निर्माण में हर एक व्यक्ति का सहयोग हो उसके लिए भी अनुरोध किया। सभा में पदाधिकारीयो के नाम की घोषणा होने के बाद सभी को दुपट्टा, साफा और मोती माला पहना कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित प्रादेशिक अध्यक्ष कैलाश लोहिया ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अग्रोहा धाम के बारे में जो भी बताया है उसे सारे समाज को जानना चाहिए। इसके लिए आप सभी का पूरा सहयोग चाहिए। तभी मै प्रादेशिक अध्यक्ष के रूप में समाज को अग्रोहा धाम की गतिविधियों से जोड़ पाऊंगा। सभा में सागरमल बूड़ाकिया,राम प्रसाद गोयल,प्रदीप भुवालका, सुनील अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, दीपक मित्तल, प्रभास अग्रवाल, सुशील जालान, राजेंद्र गुप्ता, महेंद्र मित्तल के अलावा अन्य कई अग्रवाल समाज बंधु उपस्थित थे।

অসম লোকসেৱা আয়োগ
**ASSAM PUBLIC SERVICE COMMISSION**
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-781022.
No. 143PSC/DR-24/2/2022-23

**NOTIFICATION**

It is for information to all concerned that the Assam Public Service Commission will hold the Interview/Viva-Voce for the post of **Junior Information & Public Relations Officer under Information, Public Relations, Printing & Stationery Department, Assam** (Advt. No.19/2023, dated 3rd June/2023) at its office in Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22. The detailed programme for the Interview/Viva-Voce is given below :

| Sl. No. | Name of the Post & Department | Date of Interview / Viva-Voce | Reporting Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Junior Information & Public Relations Officer under Information, Public Relations, Printing & Stationery Department, Assam | 14th June, 2024 | 9.00 AM |

Kindly note that the candidates appearing the interview/viva-voce **must bring the following testimonials in original along with self attested photocopies in chronological order, thereof for verification/scrutiny on the day of the interview:**

i. H.S.L.C Admit/Pass Certificate as a proof of age.
ii. H.S.L.C Marksheet and Pass Certificate.
iii. H.S.S.L.C Marksheet and Pass Certificate.
iv. Degree Marksheet (All Semester) and Pass Certificate.
v. A Degree/Diploma (All Semester) in Journalism or in Mass Communication.
vi. At least 3(years) experience in Journalism Newspaper/News/Public Relations Organization/Government Public Relations Department.
vii. Minimum 6 (six) months Diploma/Certificate in computer proficiency from a Govt recognized institute.
viii. CGPA Conversion Formula of the respective universities
ix. Permanent Residential Certificate/Employment Exchange Registration/Voter ID.
x. **State Government Employees of Assam must submit No Objection Certificate from their respective employer or Permanent Residential Certificate/Employment Exchange Registration/Voter ID as domicile proof.**
xi. Caste/PwWBD certificate/BPL Card (if applicable).
xii. Declaration Form A *("May be downloaded from APSC's website")*.
xiii. **Ex-Servicemen Identity Card issued by Zila Sainik Welfare Office of the state of Assam and Discharge Book (for Ex-Servicemen category candidates).**
xiv. Any other documents that may be relevant for their candidature.

No intimation letter to the eligible candidates shall be sent separately by post. **The intimation letters shall be uploaded on 06-06-2024 in the APSC's website (www.apsc.nic.in).** The candidates shall have to download their own intimation letter from the aforesaid website.

Deputy Secretary,
Assam Public Service Commission
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22

*-- Janasanyog /D/ 1197/24/4-Jun-24*

संपादकीय

# एग्जिट पोल का 400 पार

**प्रधानमंत्री** मोदी लगातार तीसरी बार इस पद पर आसीन हो सकते हैं। आम चुनाव, 2024 में भाजपा-एनडीए की शानदार और प्रचंड जीत भी लगभग तय है। वे 400 पार का लक्ष्य भी लांघ सकते हैं। इस तरह प्रधानमंत्री मोदी का चुनावी मंत्र भी सार्थक और साकार हो सकता है। दक्षिण भारत के केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश में 'भगवा गठबंधन' का खाता खुल सकता है। कर्नाटक की चुनावी उपलब्धि यथावत रहेगी, जबकि दक्षिण के ही तेलंगाना राज्य में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभर सकती है। जो जनादेश अभूतपूर्व और आश्चर्यजनक हो सकते हैं, वे पश्चिम बंगाल और ओडिशा के हो सकते हैं। दोनों राज्यों में भाजपा ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और नवीन पटनायक के बीजू जनता दल को पराजित करती लग रही है। दोनों नेता अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री भी हैं। यकीनन ये ऐतिहासिक उपलब्धियां होंगी। यदि प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार पदासीन होते हैं, तो वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के कीर्तिमान की बराबरी कर लेंगे। भाजपा को भी 2014, 2019 के बाद लगातार तीसरी बार, अपने ही बूते, लोकसभा में बहुमत हासिल हो सकता है। बहरहाल अधिकृत जनादेश 4 जून को घोषित किया जाना है, लेकिन ये विभिन्न सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल के चुनावी निष्कर्ष हैं। एग्जिट पोल सर्वे की वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसका पश्चिमी और यूरोपीय देशों में सामान्य चलन और महत्वपूर्ण प्रभाव है। अलबत्ता भारत में एग्जिट पोल की प्रक्रिया अपेक्षाकृत नई और सवालिया है। कई एग्जिट पोल हमने नाकाम और गलत होते देखे हैं, लेकिन ऐसे बहुत से चुनावी सर्वेक्षण सटीक और सफल भी रहे हैं। 18वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में जो मतदान कराए गए, ये चुनावी अनुमान और आकलन 'भावी जनादेश' के संकेत भर हैं। अधिकांश एग्जिट पोल का रुझान या जनादेश की सोच एक ही दिशा की ओर संकेत कर रहे हैं कि भाजपा को 320-330 सीटें हासिल हो सकती हैं। तीन-चार पोल में भाजपा-एनडीए की सीटें 400 पार जाती लग रही हैं। सबसे गौरतलब यह हो सकता है कि केरल, तमिलनाडु में उन्हें 22-27 फीसदी वोट मिल सकते हैं, नतीजतन दोनों राज्यों में 2-4 सीट प्रति के परिणाम मिल सकते हैं। आंध्रप्रदेश में भी खाता खुलना लगभग तय है। यदि ऐसा हुआ, तो भाजपा दक्षिण में अभिशप्त और शून्य पार्टी नहीं रहेगी, बल्कि उसकी स्वीकार्यता 'राष्ट्रीय' होगी। तेलंगाना में 4 सीट से 10-12 सीट तक का सफर तय करना भाजपा-एनडीए की एक दुर्लभ उपलब्धि है। वहां कांग्रेस सत्तारूढ़ है, लेकिन संसदीय जनादेश मोदी-भाजपा के पक्ष में लग रहा है। दक्षिण से भी महत्वपूर्ण जीत बंगाल और ओडिशा की साबित हो सकती है। बंगाल में 45 फीसदी से ज्यादा वोट भाजपा को मिल सकते हैं, जबकि तृणमूल को 40 फीसदी वोट से ही संतोष करना पड़ेगा। यह समीकरण 2019 के चुनाव से बिल्कुल उल्टा हो गया है। भाजपा का बुनियादी वोट बैंक हिंदी पट्टी में रहा है, लेकिन उसके बिहार, उप्र, राजस्थान, हरियाणा सरीखे राज्यों में भाजपा-एनडीए की सीटें कम होने के अनुमान हैं, लेकिन गठबंधन विजेता ही रहेगा। गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, दिल्ली आदि राज्यों में भाजपा का हासिल 2019 की तरह शत-प्रतिशत रह सकता है। महाराष्ट्र के बारे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा था कि ब्रह्मा भी नहीं बता सकते कि महाराष्ट्र का जनादेश क्या रहेगा? यदि उसे ही आधार माना जाए, तो भाजपा-एनडीए की बीते कार्यकाल से लगभग 10 सीटें कम हो सकती हैं। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जनता दल-यू कमजोर कड़ी साबित हुआ है, लिहाजा 'इंडिया' 7-10 सीटें जीत सकता है। बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी के चुनावी मंत्र के दावे कामयाब होते लगते हैं, लिहाजा देश का मूड स्पष्ट है, लेकिन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' आखिर तक मुगालते में रहा कि उसके पक्ष में जनादेश कैसा रहेगा। अब एग्जिट पोल के निष्कर्ष सार्वजनिक होने के बाद ऐसी कुंठित टिप्पणियां सामने आ रही हैं कि भाजपा अडानी, अंबानी के स्वामित्व वाले 66 चैनलों के सहारे मनोवैज्ञानिक युद्ध लड़ रही है।

> 2024 में भाजपा-एनडीए की शानदार और प्रचंड जीत भी लगभग तय है। वे 400 पार का लक्ष्य भी लांघ सकते हैं। इस तरह प्रधानमंत्री मोदी का चुनावी मंत्र भी सार्थक और साकार हो सकता है। दक्षिण भारत के केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश में 'भगवा गठबंधन' का खाता खुल सकता है। कर्नाटक की चुनावी उपलब्धि यथावत रहेगी, जबकि दक्षिण के ही तेलंगाना राज्य में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभर सकती है। जो जनादेश अभूतपूर्व और आश्चर्यजनक हो सकते हैं, वे पश्चिम बंगाल और ओडिशा के हो सकते हैं। दोनों राज्यों में भाजपा ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और नवीन पटनायक के बीजू जनता दल को पराजित करती लग रही है। दोनों नेता अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री भी हैं। यकीनन ये ऐतिहासिक उपलब्धियां होंगी। यदि प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार पदासीन होते हैं, तो वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के कीर्तिमान की बराबरी कर लेंगे। भाजपा को भी 2014, 2019 के बाद लगातार तीसरी बार, अपने ही बूते, लोकसभा में बहुमत हासिल हो सकता है। बहरहाल अधिकृत जनादेश 4 जून को घोषित किया जाना है, लेकिन ये विभिन्न सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल के चुनावी निष्कर्ष हैं।

### भारत दुनिया में पीपीई किट, सर्जिकल मास्क और मेडिकल गॉगल्स का बड़े पैमाने पर निर्यात कर रहा

# फार्मा सेक्टर से बढ़ते निर्यात का परिदृश्य

डा. जयंती लाल भंडारी

> देश से दवाओं का निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 9 .67 फीसदी बढक़र 27 .9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। जबकि देश के विभिन्न उत्पादों के कुल निर्यात में तीन प्रतिशत की गिरावट रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में अकेले अमेरिका को भारत से 7 .83 अरब डॉलर की दवा का निर्यात किया गया है। वर्ष 2022-23 के दौरान निर्यात का यह आंकड़ा 25 .4 अरब डॉलर रहा था। यह कोई छोटी बात नहीं है कि कोरोनाकाल में फॉर्मा और मेडिकल सेक्टर की कई वस्तुओं का भारत बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश बन गया है।

**निश्चित** रूप से भारत के फॉर्मा सेक्टर का बढ़ता निर्यात भारत का एक महत्वपूर्ण आर्थिक पक्ष है। देश से दवाओं का निर्यात 2023-24 में सालाना आधार पर 9.67 फीसदी बढक़र 27.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। जबकि देश के विभिन्न उत्पादों के कुल निर्यात में तीन प्रतिशत की गिरावट रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में अकेले अमेरिका को भारत से 7.83 अरब डॉलर की दवा का निर्यात किया गया है। वर्ष 2022-23 के दौरान निर्यात का यह आंकड़ा 25.4 अरब डॉलर रहा था। यह कोई छोटी बात नहीं है कि कोरोनाकाल में फॉर्मा और मेडिकल सेक्टर की कई वस्तुओं का भारत बड़ा उत्पादक और निर्यातक देश बन गया है। भारत दुनिया में पीपीई किट, सर्जिकल मास्क और मेडिकल गॉगल्स का बड़े पैमाने पर निर्यात कर रहा है। अब उन देशों में भी भारत की सस्ती दवाइयों की मांग बढ़ रही है जिन्हें भारत की सस्ती दवा पर बहुत भरोसा नहीं था। भारत से फार्मास्युटिकल निर्यात दुनिया भर के कोई 200 देशों तक पहुंचता है, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, पश्चिम यूरोप, जापान और ऑस्ट्रेलिया के अत्यधिक विनियमित बाजार शामिल हैं। स्थिति यह है कि दवाई उद्योग की वैश्विक श्रृंखला के बाधित होने से इस समय भारत की फॉर्मा कंपनियों को विभिन्न दवाइयों की आपूर्ति के ऑर्डर लगातार मिल रहे हैं। गौरतलब है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत अपनी दवाओं की कम लागत और उच्च गुणवत्ता के कारण विश्व की नई फार्मेसी के रूप में रेखांकित हो रहा है। भारत का फार्मास्युटिकल उद्योग मात्रा के मामले में दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा और मूल्य के मामले में 14वां सबसे बड़ा उद्योग है तथा फार्मा सेक्टर वर्तमान में देश की जीडीपी में लगभग 1.72 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। इस समय भारत के दवा उद्योग में करीब 3000 दवा कंपनियों और 10500 विनिर्माण इकाइयों का विशाल नेटवर्क शामिल है। भारत को वैश्विक फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। देश में वैज्ञानिकों और इंजीनियरों का एक बड़ा समूह है जो फॉर्मा उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की क्षमता रखता है। ग्रीनफील्ड फार्मास्यूटिकल्स परियोजनाओं के लिए स्वचालित मार्ग से 100 फीसदी तक एफडीआई की अनुमति दी गई है। ब्राउनफील्ड फार्मास्यूटिकल्स परियोजनाओं के लिए स्वचालित मार्ग के माध्यम से 74 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति है और इससे अधिक सरकारी अनुमोदन के माध्यम



से है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में अफरा-तफरी है और चीन में निवेश करने वाली कई कंपनियां अन्य देशों में विकल्प की तलाश में हैं। ऐसे में चीन में कार्यरत कई कंपनियों सहित दुनिया के कई देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी भारत के दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं। इन सब कारणों से भारत में फॉर्मा सेक्टर का आकार बढ़ रहा है। यदि हम भारत के फॉर्मा सेक्टर में तेजी से बढने के कारणों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा प्रदाता है और अपने किफायती टीकों और जेनेरिक दवाओं के लिए जाना जाता है। जेनेरिक दवाएं, ओवर दि काउंटर दवाएं, थोक दवाएं, टीके, अनुबंध अनुसंधान और विनिर्माण, बायोसिमिलर और बायोलॉजिक्स भारतीय फार्मा उद्योग के कुछ प्रमुख खंड हैं। चूंकि भारत में दवाई उत्पादन की लागत अमेरिका एवं पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है, इसी कारण भारत घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण, उच्च गुणवत्ता और कम लागत वाली दवाओं के निर्माण में एक प्रभावी भूमिका निभा रहा है। दुनिया की करीब 70 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की मैन्युफैक्चरिंग भारत में ही होती है। जेनेरिक दवाओं की अफ्रीका की कुल मांग का 50 प्रतिशत, अमेरिका की मांग का 40 प्रतिशत तथा ब्रिटेन की कुल दवा मांग का 25 प्रतिशत हिस्सा भारत से ही जाता है। दुनिया की 60 फीसदी वैक्सीन का भी उत्पादन भारत में होता है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनिवार्य टीकाकरण योजनाओं के लिए 70 प्रतिशत टीकों की आपूर्ति भारतीय दवाई निर्माता कंपनियों के द्वारा की जाती है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत में सबसे अधिक फार्मास्युटिकल विनिर्माण सुविधाएं हैं जो अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) के अनुपालन में हैं और यहां 500 एपीआई उत्पादक हैं जो दुनिया भर के एपीआई बाजार का लगभग 8 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। केंद्र सरकार ने दवाई उत्पादन में आत्मनिर्भरता लाने, अधिक कीमतों वाली दवाइयों के स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने और चीन से होने वाले दवाइयों के कच्चे माल-एपीआई (एक्टिव फार्मास्युटिकल्स इंग्रीडिएंट्स) के भारत में ही उत्पादन हेतु कोई ढाई वर्ष पहले शुरू की गई प्रोडक्शन लिंक इंसेंटिव्स (पीएलआई) स्कीम के लाभ मिलना शुरू हो गए हैं। 40 से अधिक कंपनियां पीएलआई स्कीम के तहत फार्मा के कच्चे माल का उत्पादन शुरू कर चुकी हैं या जल्द ही करने वाली हैं। ये कंपनियां अफ्रीका के कुछ देशों में फार्मा के कच्चे माल का निर्यात भी कर रही हैं। यदि हम फार्मा के साथ मेडिकल डिवाइस के निर्यात को देखें तो पाते हैं कि इसमें भी पिछले दो-तीन सालों से 12-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि अभी मेडिकल डिवाइस का आयात अधिक हो रहा है और पिछले साल यह आयात 60000 करोड़ रुपए का रहा। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े डिस्पोजेबल आइटम, आर्थोपेडिक आइटम, सीरिंज, निडल, ग्लाव्सद जैसे कई आइटम में दुनिया के बाजार में भारत का बोलबाला है। सरकार ने मेडिकल डिवाइस के उत्पादन को बढ़ाने के लिए नीति की घोषणा की है और इस पर अमल के बाद मेडिकल डिवाइस का आयात कम होने के साथ निर्यात भी बढ़ेगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में सस्ती दवाइयों और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा के लिए कई विकसित देशों के मरीज भी भारत का रुख कर रहे हैं। भारत में चिकित्सा सेवा की लागत पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है और भारत दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे सस्ता है। भारत को चिकित्सा पर्यटन के लिए दुनिया में लाभप्रद जगह माना जा रहा है। वैश्विक मेडिकल टूरिज्म के लिए दुनिया के पहले दस देशों में भारत का नाम रेखांकित हो रहा है। निश्चित रूप से देश के फॉर्मा सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए शोध एवं अनुसंधान विकास के लिए एक संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा। फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान एवं विकास को प्रोत्साहित करने और इस क्षेत्र में नवाचार के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भारत में फार्मा-मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास और नवाचार पर एक राष्ट्रीय नीति शुरू की गई है। योजना का उद्देश्य भारतीय फार्मा-मेडटेक क्षेत्र को लागत आधारित से नवाचार आधारित विकास बदलना है।

दृष्टि कोण

# दबाव में पारिस्थितिकी, जीवों की खुली हत्याएं

**हर** वर्ष गर्मियों में, हमने जंगल की आग से वनस्पतियों और जीवों की निर्दयतापूर्वक हत्या देखी, लेकिन सरकार, वन विभाग से अब तक कोई निवारक उपाय सामने नहीं आया, यहां तक कि तथाकथित सामाजिक संगठन, न्यायपालिका भी वन्यजीव, वनस्पतियों और जीवों की इस खुली हत्या की ओर और तथाकथित नागरिक समाज में से कोई भी इस हत्या के लिए चिंतित नहीं है। यूएनडीपी एसडीजी-2030 सम्मेलन, संगोष्ठी और कार्यशालाओं के किसी भी योद्धा ने जो स्थायी जीवन उपाय पर लंबे समय तक व्याख्यान देते हैं, उन्होंने कभी भी ग्रीष्म मौसम में इस जंगल की आग पर चिंता नहीं दिखाई। इसलिए समग्रता में किसे दोषी ठहराया जाए, हम समाज के रूप में पूरी तरह से विफल रहे हैं। हर गर्मियों में, पृथ्वी आग में सांस लेती है। जंगल, जो कभी हरे-भरे थे, आग की लपटों में घिर जाते हैं, वन्यजीव नष्ट हो जाते हैं, निवास स्थान जमीन पर धराशायी हो जाते हैं और फिर भी, वार्षिक विनाश के बावजूद, निवारक उपाय मायावी रहते हैं। यह आवर्ती तबाही न केवल शासन और सामाजिक प्रणालियों की विफलता को उजागर करती है, बल्कि एक स्थायी भविष्य के पोषण में प्राचीन ज्ञान के महत्व पर भी प्रकाश डालती है। साल दर साल, तमाशा गंभीर भविष्यवाणी के साथ सामने आता है। दुनिया भर के जंगल नरक बन जाते हैं। अपने रास्ते में सब कुछ खा जाते हैं। वन अधिकारियों के अनुसारए 99 फीसदी जंगल की आग मानव निर्मित होती है। चाहे लापरवाही से चिंगारी हो, जानबूझकर आगजनी की गई हो या पुरानी कृषि पद्धतियों से हुई हो, परिणाम गंभीर हैं। घरों, फसलों और कीमती पारिस्थितिकी तंत्रों को आग निगल डालती है। जंगल की आग के जले हुए अवशेषों से जहरीली गैसें और घने धुएं हवा को चोक कर देते हैं, जिससे मनुष्यों और वन्यजीवों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा होते हैं। भूस्खलन और मिट्टी का कटाव पर्यावरणीय क्षरण को बढ़ाता है। पारिस्थितिकी तंत्र का नाजुक संतुलन बाधित होता है, जिससे अपूरणीय क्षति होती है। जंगल की आग से हुई तबाही के बढ़ते सबूतों के बावजूद, निवारक उपाय अपर्याप्त हैं। प्रतिपूरक वनीकरण के प्रयास, जिन्हें एक समाधान के रूप में बताया जाता है, अक्सर व्यर्थ व्यय और वृक्षारोपण की कम उत्तरजीविता दर में समाप्त होते हैं। बुलंद लक्ष्यों और जमीनी वास्तविकताओं के बीच का अलगाव समस्या के मूल कारणों को संबोधित करने में एक प्रणालीगत विफलता को उजागर करता है। हिमाचल प्रदेश में इस साल 1 अप्रैल 2024 से 1 जून 2024 तक जंगल में आग लगने की 1259 घटनाएं दर्ज की गईं। 12122 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ, जिसमें हजारों हेक्टेयर नए वृक्षारोपण शामिल थे। सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध शर्मा का कहना है कि शुष्क मौसम और मानवीय लापरवाही या जानबूझकर जंगल में विनाश आग लगने का कारण हो सकता है। राज्य वन विभाग ने राज्य में चीड़ के लंबे पत्ते वाले पेड़ों वाले 26 वन प्रभागों को जंगल की आग के प्रति अत्यधिक संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया है। भारत सरकार के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की 2013 की रिपोर्ट सहित प्रतिपूरक वनीकरण में वृक्षारोपण के व्यर्थ व्यय और कम जीवित रहने की दर के कई प्रलेखित उदाहरण, हमें यह पूछने की जरूरत है कि साइट का लक्ष्य या वांछित भविष्य की स्थिति क्या है। क्या वाणिज्यिक या निर्वाह-उन्मुख वन उत्पादों का उत्पादन करने या प्राकृतिक वनस्पति को बहाल करने की इच्छा है? क्या इसका उद्देश्य हाइड्रोलॉजिकल कार्यों में सुधार करना या वन्यजीव आवास प्रदान करना है? एक बार लक्ष्य की पहचान हो जाने के बाद, वन प्रबंधकों को इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सबसे कम लागत वाले तरीके की पहचान करनी चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता और हाटी ट्राइबल मूवमेंट यूथ आइकन प्रदीप सिंगटा ने बताया कि उन्होंने पहले इस पैमाने पर जंगल की आग नहीं देखी थी। आग ने सैकड़ों पेड़ों और हरियाली को अपनी चपेट में ले लिया। सैकड़ों बीघा से अधिक वन भूमि आग से प्रभावित हो चुकी है। हालांकि, जमीन पर, विनाश काफी दिखाई दे रहा है। उन्हें आग लगने का कारण मानव छेड़छाड़ का संदेह है। हालांकि चूंकि आग ऊंची पहाड़ी ढलानों पर लगी है, जहां इनसानों की बसावट नहीं है, इसलिए किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पा रहा है।

कुछ अलग

# मसखरापन

**मसखरापन** कांग्रेस नेता राहुल गांधी हार जीत के प्रति कितने निश्चिंत हैं इसका एक उदाहरण रविवार को तब देखने को मिला जब पत्रकारों द्वारा पूछे गए सीटों के मिलने वाली संख्या के जबाव में उन्होंने कहा सिद्धू मूसेवाला के गाने 295 सीटें। देश के सबसे बड़े चुनाव के परिणाम का अनुमान इस तरह अत्यंत छिछले तरीके से लगाकर क्या संकेत दे रहे थे राहुल गांधी, यह तो उन्हें ही पता होगा किंतु पंजाब के जिस गायक सिद्धू मूसेवाला के गाने की बात वह कर रहे हैं उस 295 के गाने के माध्यम से मूसेवाला ने अपनी मौत का दिन निश्चित कर दिया था। मूसेवाला पर हत्यारों ने 29/5 यानि 29 मईं को गोली चलाईं थी। वैसे 295 को यदि भारतीय दंड संहिता से जोड़कर देखें तो इस धारा के मुताबिक जब कोईं व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल को अपवित्र करे अथवा तोड़े उसे दोषी पाए जाने पर अदालत दो साल की सजा देती है। पत्रकारों के सवाल के जबाव में 295 की संख्या बताने का तरीका कितना अजीब है! पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी शनिवार को जब ऐलान किया था कि इंडिया गठबंधन को 295 सीटें मिलेंगी तो शायद ही किसी को उनका वक्तव्य अराजनीतिक लगा हो क्योंकि हर राजनेता अपनी सीटों की संख्या वास्तविकता से ज्यादा बताता है। इसमें वुछ गलत भी नहीं है। खड़गे जी वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं इसलिए उनकी कोशिश रहती है कि उनके मुंह से निकली किसी पंक्ति पर कोईं आपत्ति न जताए। लेकिन यहां राहुल गांधी ने 295 की संख्या को ऐसे व्यक्ति के साथ जोड़कर बताया जो दुखांत बोध कराता है। सीटें कम आना या ज्यादा आना यह कईं कारकों पर निर्भर करता हैं। इसलिए किसी पार्टी को सफलता तब मिलती है जब वह तमाम कारकों का संतुलन बैठाने में सफल हो जाता है। लेकिन जब कोईं पार्टी किसी कारण वश आवश्यक कारकों का संतुलन बैठा पाने में असमर्थ रहती है तो उसके हाथ से अवसर निकल जाते हैं और उसे अगले चुनाव की तैयारी करने का अवसर मिलता है। शनिवार को ही एक्जिट पोल के नतीजे आए हैं। उसमें किसी भी न्यूज चैनल ने गठबंधन को 295 सीट जीतने का अनुमान नहीं बताया है। इस संख्या को लेकर जैसा उपहास राहुल गांधी ने उड़ाया है, उससे तो एक ही बात साफ होती है कि उन्हें किसी भी राजनीतिक प्रकिया का सम्मान करने आता ही नहीं! एक्जिट पोल दिखाने वाले सभी न्यूज चैनलों और सर्वे एजेंसियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थक बताने से वास्तविकता नहीं बदल सकती। किसी भी सर्वे एजेंसी ने इंडिया गठबंधन को 200 के आसपास भी सीटें मिलने का अनुमान नहीं बताया है। मतलब यह कि कांग्रेस को अकेले दम पर 100 सीटें भी नहीं आ रही हैं। स्वाभाविक है कि जब न्यूज चैनलों पर सभी सर्वे एजेंसियों में कोईं विरोधी गठबंधन के जीतने का अनुमान चल रहा हो तो आव्रोश के वशीभूत व्यक्ति विपरीत टिप्पणी कर सकता है। कितु हैरानी होती है जब राहुल गांधी सर्वे एजेंसियों और टीवी चैनलों के अनुमान पर सवाल न उठाकर उनके चरित्र पर ही सवाल उठा देते हैं। अभी तक कांग्रेस के नेता जब आरोप लगाते थे कि लोकतंत्र खतरे में है तो लगता था कि यह अनावश्यक डर दिखा रहे हैं। कितु अब लगता है कि सही में लोकतंत्र खतरे में तो है। खतरे में इसलिए है क्योंकि देश के वोटर एक पार्टी, एक गठबंधन और एक नेता को इतना ज्यादा समर्थन दे रहे हैं कि उसके विपक्षी के लिए अस्तित्व का खतरा उत्पन्न हो गया है। इससे तो लोकतांत्रिक प्रव्रिया में असंतुलन का खतरा बढ़ जाएगा लेकिन इसके लिए यदि मोदी और भाजपा के नेताओं को जिम्मेदार ठहराया जाए तो वह भी गलत है।

देश दुनीया से

# परिणामविहीन है कथित भविष्यवत्ताओं का शब्द दंगल

> सात चरणों में हुईं रायसुमारी के परिणाम मशीनों में बंद हो गये हैं। वुछ ही घंटों बाद वास्तविकता सामने आ जायेगी। राजनैतिक गठबंधन स्वत: सुखाय को लेकर जीत के नाहक दावे कर रहे हैं जबकि व्यवसायिक प्लेटफार्म एग्जिट पोल के नाम पर जबरजस्ती का शब्द दंगल आयोजित करके धनार्जन में जुटे हैं। देश की आवास के मनमस्तिष्क में मनमाने आंकड़ों की फसलें बोईं जा रहीं हैं। मृगमारीचिका के पीछे दौड़ाने की कोशिशों में लगे मुगेरी लाल अब भी अपने हसीन सपनों को वुछ घंटों और जीवित रखने के लिए माथ पच्ची कर रहे हैं। राष्ट्रवाद, विकासवाद, क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाषावाद, स्वार्थवाद, लालचवाद, सम्प्रदायवाद, आस्थावाद के साथसाथ शून्यवाद भी इस बार के चुनावों में बड़े मुद्दे बनाकर सामने आते रहे।

चुनावों में मतदान थमते ही भविष्य वत्ताओं की बाढ़ सी आ गईं है। सात चरणों में हुईं रायसुमारी के परिणाम मशीनों में बंद हो गये हैं। वुछ ही घंटों बाद वास्तविकता सामने आ जायेगी। राजनैतिक गठबंधन स्वतः सुखाय को लेकर जीत के नाहक दावे कर रहे हैं जबकि व्यवसायिक प्लेटफार्म एग्जिट पोल के नाम पर जबरजस्ती का शब्द दंगल आयोजित करके धनार्जन में जुटे हैं। देश की आवास के मनमस्तिष्क में मनमाने आंकड़ों की फसलें बोईं जा रहीं हैं। मृगमारीचिका के पीछे दौड़ाने की कोशिशों में लगे मुगेरी लाल अब भी अपने हसीन सपनों को वुछ घंटों और जीवित रखने के लिए माथ पच्ची कर रहे हैं। राष्ट्रवाद, विकासवाद, क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाषावाद, स्वार्थवाद, लालचवाद, सम्प्रदायवाद, आस्थावाद के साथसाथ शून्यवाद भी इस बार के चुनावों में बड़े मुद्दे बनाकर सामने आते रहे। अतीत के मनमाने आंकड़ों को सोशल मीडिया के अनगिनत देशी-विदेशी प्लेटफार्म से निरंतर प्रसारित किया जाता रहा। अमेरिकन रिपोर्ट को सही मानें तो इजराइल की एक फर्म ने तो योजनाबद्ध ढंग से भारत के चुनावों को प्रभावित करने के लिए एआईं यानी र्आटिफीशियल इंटेलिजेंसी जैसी तकनीक का भरपूर उपयोग किया। इस कारक को भविष्य की आहट में विदेशी षडयंत्रकारियों के द्वारा लोकसभा चुनावों में वूदने के रूप में पहले भी रेखांकित किया जा चुका है, जिसकी पुष्टि अब अमेरिकन रिपोर्ट ने अब हुईं है। चैटजीपीटी बनाने वाली कम्पनी ओपन एआईं ने अपनी रिपोर्ट में घोषित किया है कि भारत के लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने के लिए उसके प्लेटफार्म को चीन, इजराइल, ईंरान और रूस की धरती से भाजपा के विरुद्ध उपयोग करने का प्रयास किया गया है। इन प्रयासों के अधिकांश भाग को उसने बहुत ही सजगता के साथ असफल कर दिया। इस षडयंत्र को एक अभियान के रूप में चलाया गया था। इसकी शुरुआत इजराइल स्थित एक नेटवर्व ने भारत की मौजूदा सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पाटा की आलोचना तथा विपक्षी कांग्रेस पाटा की प्रशंसा के रूप में वातावरण र्निमित करने हेतु किया। यह वुवृत्य मईं माह में सामने आया और कम्पनी ने तत्काल इसे रोकने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिये। योजना के अनुसार इजराइल से संचालित अकाउण्ट्स के एक समूह का उपयोग गुप्त अभियानों के लिए कन्टेन्ट बनाने, एडिटिग करने तथा उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के लिए किया गया। इन कन्टेन्ट्स को एक्स, पेसबुक, इंस्ट्राग्राम, यूटूब सहित विभिन्न लोकप्रिय साइट्स पर शेयर किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस नेटवर्व ने मनगढन्त नामों से अकाउण्ट बनाये तथा उनका उपयोग भारत के लोकसभा चुनावों को सत्ताधारी दल के विरोध में करके कांग्रेस को लाभ पहुंचाने की नियत से किया गया। इस रिपोर्ट के खुलासे के पहले ही रेखांकित किया जा चुका था कि किस तरह से चीन की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पाटा की केन्द्रीय समिति के स्वामित्व वाले चुनाव काल में जहर उगला जा रहा है। ऐसे ही प्रयास अमेरिका के अनेक राजनायिकों, कनाडा की सरकार, आतंकवाद के संरक्षक देशों एवं शत्रुभावी भूभाग व्दारा होते रहे। यह सब पूर्व निर्धारत कार्ययोजना का अंग था, जिसे विदेशी दौरों के दौरान राष्ट्रविरोधियों ने सुनिाति किया गया था। इसी कड़ी में संयुक्त राष्ट्र संघ से लेकर अमेरिका सहित विभिन्न देशों में वहां के कथित पत्रकारों द्वारा भारत विरोधी मुद्दे उठवाये जाते रहे। विपक्षी दलों के अनेक र्चचित चेहरों ने विदेशी दौरों में राष्ट्रविरोधी एवं घातक प्रचार किया ताकि अन्तर्राष्ट्रीय दबाव दिखाकर देश के मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके। चुनावों में मतदान की समाप्ति के बाद अब जबरजस्ती की माथा पच्ची करने का सिलसिला शुरू हो गया है। वुछ घंटों बाद ही वास्तविक परिणाम सामने आने वाले हैं तब भी संभावनाओं की भंवर में देश की आम आवास को डुबोने की कोशिशें की जा रहीं हैं। जीत के आंकड़े, सीटों की संख्या, मुद्दों का रेखांकन, भावी योजनायें, सत्ता पर काबिज होते ही कामों की सूची जैसे अनेक बिन्दुओं पर चल रही चल रही बहस कथित भविष्य वत्ताओं के शब्द दंगल से अधिक अस्तित्व नहीं रखता। कथित बुध्दिजीवियों के मनमाने वत्तव्यों को प्रवचन की तरह परोसने का व्रम साइबर जगत के साथ-साथ चौराहों से लेकर चौपालों तक चल निरंतर चल रहा है। अनेक स्थानों पर पाटा के निष्ठावान कार्यंकर्ताओं के मध्य वाक्य युद्ध से लेकर हाथापाईं तक की स्थितियां भी देखने को मिल रहीं हैं। चुनावी दौर में हिसा का खुला खेला धीरे-धीरे नेपथ्य में चला गया।

आप का नजरीया


# कुछ गर्मी, कुछ उदासीनता

**डंके** डुबकियां और डर के साथ अंततः हिमाचल से लोकसभा और विधानसभा के छह उपचुनाव संपन्न हो गए। कुछ गर्मी, कुछ उदासीनता और कुछ विभ्रम के कारण पांच साल पहले का उत्साह हिमाचल में नहीं लौटा, फिर भी 70 प्रतिशत के पार पहुंचने के मार्क पर यह राज्य नागरिकों का जागरूक समूह तो बनाता है ही। अब देखना यह है कि चुनावों में धन बल और जन बल के मायने हैं क्या। इन चुनावों में राजनीति का रायता जितना फैल सकता था, फैलाया गया। जाहिर है चुनाव प्रचार कहीं चुभा, तो कहीं पहाड़ी परंपराओं की तौहीन कर गया, फिर भी कुछ उम्मीदवारों ने विद्वेष की दीवारें नहीं फांदी। यह चुनाव चौके और छक्कों के बीच भाजपा बनाम कांग्रेस हुआ। कांग्रेस ने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से आनंद शर्मा को उतार कर अपनी प्रयोगधर्मिता से सभी को चकित किया, तो इस फांस की योग्यता में चुनाव की अहमियत बढ़ गई। भले ही कंगना रनौत को लेकर मंडी का मैदान चर्चाओं, विवादों और अलग तरह की बेबाकी से भर गया, लेकिन देश के मीडिया ने इस संसदीय क्षेत्र में ही अपने झंडे गाड़े। हिमाचल का शाही मुकाबला हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में हुआ और जहां भाजपा के अनुराग ठाकुर ने इतिहास की आंख से मुकाबला किया। हालांकि राजनीतिक इतिहास इस बार हिमाचल के पूरे परिदृश्य की टोह ले रहा है और इसीलिए संसदीय चुनावों पर छह उपचुनाव भारी पड़े। ये चुनाव सत्ता की छावनी में विपक्ष की दीवानगी में लड़े गए। भाजपा ने अपने कॉडर की परवाह न करते हुए तमाम बागी विधायकों को अपनी छाती सौंपी, लेकिन टिकट आबंटन पर आम कार्यकर्ता की छाती पर मूंग नहीं दले, यह परिणाम ही बताएंगे। दरअसल सियासत इन उपचुनावों में पूरी तरह नंगी हुई है और हमाम में देखने के लिए जनता को तर्क-कुतर्क बांटे गए। अब देखना यह है कि जनता ने उपचुनावों के हमाम में किसे नंगा देखा या इस नंगई को कबूल करके अपना मत दिया। जो भी हो, उपचुनाव की भाषा में हुए खुलासे चैन से जीने नहीं देंगे, भले ही परिणाम किसी के पक्ष में निकले या विरोध में निकले। यहां जनता ने सिर्फ कुछ नाटक देखे। राज्यसभा चुनाव से उपचुनाव तक के सफर में हिमाचल की आशाओं-उम्मीदों की पलकों ने जो देखा, वह बुरे वक्त की निशानी तो है ही। पलड़ा एक का झुकेगा, तो दूसरे पक्ष पर प्रहार होंगे और अगर विपरीत परिस्थितियों में जनता ने किसी एक को निपटा दिया, तो अहंकार के खिलौने और बिकेंगे। कहने को लांछनों से भरा रहा यह चुनाव, नागरिक मन में प्रायश्चित भाव के हथौड़े चलाता रहा, इसलिए अनमने से मतदान में इबारतों की कई उलझनें और भविष्य के संताप नत्थी हैं। उम्मीदवारों की फेहरिस्त में हिमाचली समाज का चेहरा संवर जाएगा या चुनाव प्रचार की विकृतियां अब साथ चलनी शुरू हो जाएंगी। जो भी हो, ये चुनाव सियासत के सिर पर ठीकरे फोडऩे की हिम्मत तो रखते हैं ही और अगर परिणाम स्पष्टता से संकेत दे पाए, तो हानि दोनों पक्षों को उठानी पड़ेगी। क्या फिफ्टी-फिफ्टी के फलक पर चुनाव प्रचार पहुंचा या श्रद्धेय मन से किसी ने ओपीएस को पूजा तो किसी ने मोदी की साधना में लीन होकर भक्ति की।

## निषेधाज्ञा लागू : विजय जुलूस पर रहेगी रोक

**जोधपुर ( हिंस )।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत मतगणना को शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंड संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जोधपुर आयुक्तालय क्षेत्र में पांच जून तक निषेधाज्ञा लागू की गई है। पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) शरद चौधरी ने एक आदेश जारी कर बताया कि निषेधाज्ञा आदेश के तहत आयुक्तालय क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति किसी भी सार्वजनिक स्थल पर सभा, जुलूस, धरना, रैली इत्यादि का आयोजन नहीं करेगा। इसी प्रकार मतगणना के दौरान अथवा पश्चात किसी प्रकार के विजयी जुलूस एवं रैली निकालने की अनुमति नहीं होगी। ध्वनि विस्तारण यंत्रों का प्रयोग रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक नहीं किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि यह निषेधाज्ञा आदेश पांच जून तक प्रभावी रहेगा तथा इस निषेधाज्ञा की अवहेलना या उल्लंघन किए जाने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत दण्डित किया जाएगा।

# प्रचंड जीत को लेकर हमें पहले दिन से विश्वास : शेखावत




**जोधपुर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रचंड जीत को लेकर हम चुनाव शुरू होने के दिन से आश्वस्त ही नहीं, बल्कि हमें 100 प्रतिशत विश्वास है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आत्मविश्वास से लबरेज होकर चुनाव के मैदान में उतरी थी। इसमें चाहे हमारा बूथ पर काम करने वाला कार्यकर्ता हों या फिर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष हों। उन्होंने कहा कि कई परिवारवादी, साम्प्रदायिक और भ्रष्टाचारी ताकतें एकत्रित होकर वहम फैलाने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन एजिग्ट पोल आने के बाद उनके सुर बदल गए हैं। सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान शेखावत ने कहा कि हम सब कॉफिडेंट थे कि जिस तरह से पिछले 10 साल में देश में एक परिवर्तन का आगाज हुआ है, गरीब के जीवन में परिवर्तन आया है, 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं, देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और पूरे विश्व में भारत की छवि बदली है। इसको लेकर भारत का मतदाता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को विकसित भारत का संकल्प सिद्ध करने के लिए प्रधानमंत्री बनाना चाहता था, इसलिए देश भर के मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए एक संकल्प प्रस्तुत किया था कि अबकी बार 400 के पार। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने जो 400 पार का नारा दिया था, भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से लेकर चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक देश की जनता के इस संकल्प को पूरा करने के लिए पूरे विश्वास के साथ जुटा रहा। शेखावत ने कहा कि देश की जनता ने भ्रष्टाचारियों साम्प्रदायिक और परिवारवादी ताकतों को, देश को कमजोर करने की कल्पना करने वाली ताकतों, देश से सनातन को मिटाने का संकल्प करने वाली ताकतों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश का परिणाम देख लीजिए और जब कल परिणाम आएंगे, भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार में लौट रही है। राजस्थान को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं आकड़ों की बाजीगरी में नहीं जाता, लेकिन इतना तय है कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम और मोदी सरकार के अर्जित पुण्य की बदौलत राजस्थान में भी हैट्रिक होने जा रही है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव पर हार-जीत डिबेट का विषय नहीं है, क्योंकि यह पहले से तय है कि बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ जीत रही है। 24 घंटे बाद चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। अगर 24 घंटे तक के लिए कोई दिवास्वप्न देखकर प्रसन्न रहना चाहता है और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इस उम्र में भी 24 घंटे के लिए खुश रहना चाहते हैं तो उन्हें इतनी मोहल्लत तो देनी ही चाहिए। ईवीएम पर उठाए जा रहे सवालों को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमने ऐसा पहले ही कह दिया था कि ऐसी प्रतिक्रियाएं आएंगी। उनका पहले से ही मेन्यु तय है कि एग्जिट पोल आने के बाद क्या प्रतिक्रिया देंगे और चुनाव परिणाम आने के बाद क्या प्रतिक्रिया देंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अपनी अप्रत्याशित हार को देखकर कांग्रेस कार्यकर्ता बूथ छोड़कर न भागने लग जाए, इसमें कोई शक नहीं है। उन्होंने कहा कि जब 7 बजे से परिणाम आना शुरू होंगे और 8-9 बजे तक पहला रुझाना आने लगेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब चुनाव परिणाम अपने चौथे-पांचवें दौर की तरफ बढ़ेगा, तब कांग्रेस के कार्यकर्ता बूथ छोड़कर न चले जाएं, इसमें भी कोई शक नहीं है। शेखावत ने कहा कि जब सभी राजनीतिक पार्टियां विश्लेषण में जुटी हुई थीं, उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले 100 दिनों के कार्यों का खाका तैयार कर रहे थे, इससे स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार में आ रही है।

## चुनावी नतीजे को लेकर प्रत्याशियों की धड़कनें हुई तेज, उड़ी नींद

**किशनगंज ( हिंस )।** लोकसभा चुनाव के मतगणना में 17 घंटे से भी कम का समय बचा है। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है। पुलिस लाइन के बाजार समिति परिसर में मतगणना स्थल बनाया गया है, जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना कार्य होगा। मतगणना से पूर्व उम्मीदवारों के साथ साथ समर्थकों की धड़कने भी तेज हो चुकी है। मुस्लिम बहुल किशनगंज जिले में एग्जिट पोल के बाद से ही सोशल मीडिया के साथ साथ चौक चौराहे पर चर्चाओं का बाजार गर्म हो चुका है। एग्जिट पोल के मुताबिक देश में भाजपा की सरकार तीसरी बार बनने वाली है। केंद्र में फिर एक बार मोदी सरकार बनने की खबर के बाद भाजपा समर्थकों में हर्ष का माहौल है। किशनगंज सीट जो कांग्रेस की परंपरागत सीट मानी जाती है पर कांग्रेस पार्टी अपना दबदबा बरकरार रख पाती है या नही इसे लेकर सोमवार को अटकलों का बाजार गर्म रहा। इस सीट पर जेडीयू, कांग्रेस और एआईएमआईएम तीन मुख्य दलों ने अपने उम्मीदवार उतारे थे। किशनगंज सीट गठबंधन के नाते जेडीयू के खाते में गई थी और पार्टी ने मुजाहिद आलम को उम्मीदवार बनाया था, जबकि कांग्रेस से निवर्तमान सांसद डॉ. जावेद आजाद और एआईएमआईएम से अख्तरुल ईमान मैदान में खड़े थे, जिनके भाग्य का फैसला मंगलवार को होगा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सिर्फ किशनगंज ही एक मात्र सीट थी जहा से कांग्रेस ने जीत हासिल किया था। कांग्रेस समर्थकों की माने तो इस बार भी कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. जावेद आजाद जीत हासिल करने वाले है, जबकि एआईएमआईएम और जनता दल यूनाइटेड के समर्थक भी अपने नेता की जीत का दावा कर रहे है। आम लोगों से बात करने पर उन्होंने बताया कि किशनगंज लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है। उन्होंने कहा की कांग्रेस की यह परंपरागत सीट रही है और अंत में कांग्रेस पार्टी की ही जीत होगी, जबकि अन्य लोगों ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड को हिंदू मतदाताओं ने झोली भरकर वोट दिया है और अगर मुस्लिम मतदाताओं का वोट हासिल करने में मुजाहिद आलम सफल हुए है तो मुजाहिद आलम की जीत पक्की है।

## अरुणाचल प्रदेश में अभी जीत का कमल खिला अब पूरे देश में कमल खिलेगा : राजेंद्र मिश्रा




**प्रयागराज ( हिंस )।** भाजपा कार्यालय, सिविल लाइन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र को मिठाई खिलाकर अरुणाचल प्रदेश में लगातार प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार भाजपा सरकार बनने की बधाई देते हुए खुशी मनाई। महानगर अध्यक्ष ने कहा अभी तो सिर्फ अरुणाचल प्रदेश में जीत का कमल खिला है और अब पूरे देश में कमल खिलने जा रहा है। महानगर अध्यक्ष ने आगे कहा कि अरुणाचल प्रदेश की जीत तो सिर्फ झांकी है और अभी पूरी पिक्चर देश को देखना बाकी है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों और कार्यकर्ताओं के मेहनत की जीत है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने मुट्ठीगंज में भाजपा मुट्ठीगंज मंडल के कार्यकर्ताओं को जीत की मिठाई खिलाकर बधाई दी और कहा कि पूर्वोत्तर से खिला कमल अब पूरे देश में कमल खिलाकर देश को विकसित एवं समृद्धि राष्ट्र बनाएगा। जीत की खुशी मनाने वालों में प्रमोद मोदी, नीरज केसरवानी, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, कमलेश केशरवानी, गौरव गुप्ता, चंद्रशेखर ओझा, विपुल मित्तल, प्रियेश सिंह, राकेश जैन, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, दीप द्विवेदी, कुलदीप मिश्रा, भोला सिंह, अवनीश तिवारी सुमित, राघवेंद्र, दिलीप आदि मंडल अध्यक्षगण रहे।

## विश्व साइकिल दिवस पर जागरूकता रैली निकाली

**लोहरदगा ( हिंस )।** विश्व साइकिल दिवस पर सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली निकाली गई। रैली गुदरी बाजार से शुरू होकर महावीर चौक, मिशन चौक, बरवाटोली, न्यू रोड, पावरगंज, सोमार बाजार, बड़ा तालाब, थाना रोड, शास्त्री चौक होते हुए पुनः गुदरी बाजार पहुंची। मौके पर लोगों ने लोहरदगावासियों को साइकिल चलाने के फायदे तथा पर्यावरण को होने वाले प्रदूषण से बचाव में साइकिल के सहायक होने की बात बताई। उन्होंने साईकिल के उपयोग से होने वाले फायदे पर प्रकाश डाला। लोगों ने कहा कि साइकिल को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। साइकिल यातायात का सरल, सस्ता, स्वच्छ, एवं पर्यावरण के अनुकूल साधन है। स्वास्थ्य लाभ, तनाव में कमी पर्यावरण संरक्षण, खर्च में कटौती के लिए साइकल का उपयोग करें।

## पानी की समस्या को लेकर मटकियां लेकर प्रदर्शन, मटकियां फोड़ी और चूड़ियां फेंकी



**जैसलमेर ( हिंस )।** शहर से तीन किलोमीटर दूर बसी संतु राम की ढाणी के निवासियों ने सोमवार को कलेक्टर ऑफिस के बाहर पानी की समस्या को लेकर मटकियां लेकर प्रदर्शन किया। पाकिस्तानी विस्थापित महिलाओं ने कलेक्टर ऑफिस की सीढ़ियों पर पानी की खाली मटकियां फोड़ी और चूड़ियां फेंकी। महिलाओं ने बताया कि पिछले 1 साल से पीने के पानी की समस्या चल रही है, मगर प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पाक विस्थापितों ने कहा कि 300 घरों की बस्ती में पानी के लिए सरकारी हौद भी बना है, मगर एक साल से उसमें पानी नहीं आ रहा है। भीषण गर्मी में महंगे दामों में पानी के टैंकर मंगवा रहे हैं। मजदूरी करके पेट पालने वालों के पास इतने पैसे नहीं है कि टैंकर मंगवा सके। मगर जलदाय विभाग और प्रशासन उनकी सुनवाई नहीं कर रहा है। इसलिए मजबूर होकर कलेक्टर ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करना पड़ा। संतु राम ढाणी के चेतनराम भील ने बताया कि साल भर से पीड़ा झेल रहे बस्ती के निवासियों का सब्र का बांध टूट गया। महिलाएं खाली मटकियां और चूड़ियां लेकर कलेक्टर ऑफिस के बाहर आई और मटकियों को फोड़ डाला। साथ ही कलेक्टर ऑफिस की सीढ़ियों पर चूड़ियां फेंककर अपना विरोध दर्ज करवाया। पाक विस्थापितों का कहना है कि पाकिस्तान से प्रताड़ित होकर यहां आए, मगर यहां भी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। जलदाय विभाग इस गर्मी में भी पानी नहीं दे रहा है। पानी के टैंकर तक नहीं भिजवा रहे हैं। हमें कहा जाता है कि ग्रामीण इलाकों में नहीं हम केवल शहरी इलाकों में ही पानी भेज सकते हैं। ऐसे में हम गरीब लोग कहां जाए। कई दिनों से जैसलमेर में भीषण गर्मी पड़ रही है। प्रशासन घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील कर रहा था। लेकिन हमारी बस्तियों में पानी नहीं होने के कारण हम लोग कहां जाएं। हमने पूर्व में भी जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिए है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई हैं।

## प्रदेश में 40 मतगणना केंद्रों पर सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती

**पटना ( हिंस )।** देश में लोकसभा की 543 सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। मंगलवार को मतगणना होगी। राज्यभर में 40 मतगणना केंद्रों पर सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू हो जाएगी। सभी केंद्रों पर तीन परत में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। तीनों परत में अलग-अलग स्तर के सुरक्षा बल तैनात हैं। पहली पंक्ति में ज्यादातर केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान रहेंगे। दूसरी परत में बीसैप या जिला बल के जवान और तीसरी परत में स्थानीय और जिला बल के जवान तैनात रहेंगे। जिला बल के जवान बाहरी परिसर में, बीसैप के जवान मतगणना केंद्रों के प्रवेश द्वार पर जबकि केन्द्रीय सुरक्षा बलों के जवान मतगणना स्थल पर सुरक्षा की कमान संभालेंगे। इन्हीं के जिम्मे ईवीएम की सुरक्षा भी है। संवेदनशील और अधिक महत्व वाले केंद्रों पर शुरू की दो परतों में केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी। इसके लिए सभी जिलों को पर्याप्त संख्या में बल तैनात कर दिए गए हैं। चुनाव कराने के लिए बाहर से बुलाई गई केंद्रीय सुरक्षा बलों की 153 कंपनियों को भी संबंधित जिलों में ही रोक दिया गया है। जहां केंद्रीय बलों की कमी है, वहां दूसरे स्थान या जहां संख्या अधिक है, वहां से इन्हें भेज दिया गया है ताकि मतगणना केंद्रों पर तैनाती में इनकी कोई कमी महसूस नहीं हो। इसके अतिरिक्त बीसैप के भी सभी जवानों की तैनाती आवश्यकता के अनुरूप कर दी गई है। पाटलिपुत्र और पटना साहिब लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना पटना के एएन कॉलेज में होगी। इस दौरान बोरिंग रोड को पूरे तरीके से सील किया जाएगा। इस रास्ते पर गाड़ियों का परिचालन पूरे तरह से बंद रहेगा। यह बंदी सुबह पांच बजे से मतगणना की समाप्ति तक लागू होगा। इस व्यवस्था से अग्निशमन, एम्बुलेन्स, शव वाहन, मरीजों के वाहन, न्यायिक कार्य से जुड़े वाहन, मतगणना कार्य से जुड़े वाहनों, पास धारक वाहनों और अन्य अनिवार्य सेवा के वाहन बाहर रहेंगे। इसी तरह मतगणना कर्मी के वाहन पाटलिपुत्रा गोलम्बर से बोरिंग रोड में नहीं आएंगे।

## पीएम नरेंद्र मोदी की जीत का जश्न मनाने के लिए तैयार मुस्लिम महिलाएं




**वाराणसी ( हिंस )।** वाराणसी में भाजपा के प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मतगणना के पहले ही मुस्लिम महिलाएं, विशाल भारत संस्थान उनकी हैट्रिक जीत को लेकर आश्वस्त है। संस्थान ने जीत के जश्न की तैयारी भी शुरू कर दी है। लमही स्थित सुभाष भवन में जुटी मुस्लिम महिलाओं ने हिन्दू महिलाओं के साथ ढोल की थाप पर गीत गाकर लड्डू बनाए। 400 दीपक तैयार किए गए और आतिशबाजी कर विपक्षियों को संदेश दिया गया कि अबकी बार मोदी सरकार। इस अवसर पर नरेंद्र मोदी और अमित शाह के पोस्टर प्रदर्शित किए गए। जीत का सेहरा प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के सिर पर बांधा गया। महिलाओं ने नरेंद्र मोदी की आरती उतारी और नारे लगाए- अबकी बार मोदी सरकार, बहनों को मिलेगा और अधिकार। हम चलेंगे सीमा उस पार, पीओके पर होगा हमारा अधिकार। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव ने बताया कि इस बार खामोश मतदाताओं ने इतिहास रच कर ट्रेंड बदल दिया। अभी तक लगता था कि मतदाता खामोश हो गए तो इसका अर्थ सरकार के खिलाफ है, लेकिन पहली बार मतदाताओं ने सुनी सबकी और वोट दिया मोदी को। अयोध्या में रामलला, कश्मीर में 370 की समाप्ति, गलवान घाटी में चीनी सेना की पिटाई ने हर भारतीयों के हौसले को बुलंद कर दिया। इसलिए हर व्यक्ति मोदी की जीत के लिए आश्वस्त है। एग्जिट पोल ने जो दिखाया, वह हर भारतीय की आकांक्षा है। मुस्लिम महिला फाउंडेशन की नेशनल सदर नाजनीन अंसारी ने कहा कि मुस्लिम महिलाओं के लिए मोदी का जीतना बहुत जरूरी था। समान नागरिक संहिता लागू होने से ही मुस्लिम महिलाओं को राहत मिलेगी। मोदी पर पीएचडी करने वाली डॉ. नजमा परवीन ने कहा कि मोदी से नफरत करने वालों को देश की जनता खुद जवाब दे रही है। घर-घर में मोदी को इज्जत मिल रही है। लोग वोट देते समय केवल मोदी का चेहरा ही देख रहे थे। मोदी ने हम पर विश्वास किया और हमने उनके विश्वास को कायम रखा। संस्थान की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अर्चना भारतवंशी ने कहा कि जो देश के लिए जियेगा वह मोदी को ही वोट देगा। अब देश का पावर दिखेगा। जल्द ही मुस्लिम महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेगा। जश्न की तैयारी में खुर्शीदा बानो, नूरजहां, जुलेखा बीबी, राबिया बानो, मैना, कविता, अंजू, अर्चना, रीता, प्रियंका, डॉ. मृदुला जायसवाल, इली भारतवंशी आदि लगी हुई हैं।

## कार में जिंदा जलकर मरने वालों की पहचान, तीन महिलाएं शामिल

**मेरठ ( हिंस )।** जानी थाना क्षेत्र में गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर कार में आग लगने से जिंदा जलकर मरने वालों की पहचान हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं शामिल रहीं। मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना से कुछ दूरी पर पुलिस को एक मोटरसाइकिल पड़ी हुई मिली। पुलिस मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर उसके मालिक तक पहुंच गई है और पूरे मामले की जांच कर रही है। जानी थाना क्षेत्र में अपर गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर जानी और भोला के बीच रविवार की देर रात सेंट्रो कार में आग लगने से चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग इतनी भयंकर थी कि फायर ब्रिगेड द्वारा आग बुझाने के बाद कार के अंदर केवल कंकाल ही मिले। पुलिस ने कार की नंबर प्लेट के आधार पर उसके मालिक की पहचान की तो मृतकों के बारे में भी जानकारी मिल गई। मरने वालों में मां-बेटे भी शामिल हैं। सोमवार को मृतकों की पहचान ललित (20 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय धर्म सिंह निवासी मोहम्मदपुर कीरी थाना ककोड़ जनपद बुलंदशहर हाल निवासी-241 मानसरोवर पार्क लाल कुआं थाना वेव सिटी, गाजियाबाद, रजनी (40 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय धर्म सिंह निवासी उपरोक्त, राधा (29 वर्ष) पुत्री हरि ओम निवासी खेड़ा धरमपुरा थाना बादलपुर, गौतम बुद्ध नगर, कविता (50) पत्नी बलिराम निवासी ग्राम तिबड़ा थाना मोदीनगर गाजियाबाद के रूप में हुई। मरने वालों में तीन महिलाएं शामिल हैं। मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद रात में ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। सोमवार को जानी पुलिस को दुर्घटना स्थल से थोड़ी ही दूरी पर एक मोटरसाइकिल भी पड़ी हुई मिली, लेकिन मोटरसाइकिल सवार का कुछ पता नहीं चल पाया। मोटरसाइकिल के नंबर यूपी 14 ईएच5035 के आधार पर उसके मालिक की पहचान गाजियाबाद के निस्तौली निवासी विपुल के नाम पर हुई।

## रांची में मतगणना स्थल पर चार लेयर की सुरक्षा, एक हजार पुलिसकर्मी रहेंगे मुस्तैद


**रांची ( हिंस )।** राजधानी में मंगलवार को होने वाले मतगणना को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। रांची के पंडरा स्थित मतगणना स्थल पर चार लेयर की सुरक्षा व्यवस्था तैयार की गई है। साथ ही पूरे शहर में राजनीतिक पार्टियों के कार्यालयों सहित प्रमुख चौक-चौराहों पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किए गए हैं। पूरे पंडरा बाजार परिसर में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात हैं। सुरक्षा के लिए रांची जिले के अलावा सीआरपीएफ जवानों को भी लगाया गया है। इसके लिए अतिरिक्त एक हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके साथ तीन आईपीएस स्तर के अधिकारी, दो डीएसपी और छह इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। दो घेरे की सुरक्षा का जिम्मा जिला बल और एक घेरा जैप के जिम्मे रहेगा। चौथे घेरे मतगणना स्थल की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ के जवानों की होगी। इसके अलावा मतगणना केंद्र के आसपास और शहर की सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता की गयी है। इस संबंध में रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि हर तरफ चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। पूरे मतगणना प्रक्रिया के दौरान पुलिसकर्मी अलर्ट रहेंगे। गहन जांच के बाद ही कोई भी मतगणना स्थल तक जा पाएगा। मतगणना स्थल पर अधिकारियों और प्रत्याशियों के मतगणना एजेंट के लिए जो प्रवेश द्वार बनाए गए हैं, वहां मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे। प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर भी लगा है। इसके लिए पुलिसकर्मियों को विशेष तौर पर हिदायत दी गयी है कि भीड़ जुटने की स्थिति में उन्हें दूर रखा जाएगा। पंडरा बाजार समिति के मुख्य द्वार से केवल प्रत्याशियों और उनके एजेंट्स को प्रवेश करने दिया जाएगा। रांची के पंडरा बाजार समिति प्रांगण में लोकसभा चुनाव की मतगणना के मद्देनजर पंडरा इलाके की रूट में बदलाव किया गया है। चूंकि, मतगणना के दौरान बड़ी संख्या में लोग पंडरा स्थित स्ट्रांग रूम पर पहुंचते हैं। प्रशासनिक अधिकारी भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। इसे देखते हुए ट्रैफिक एसपी ने ट्रैफिक रूट में बदलाव किया है। इसके अनुसार शहर में सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक पंडरा इलाके में भारी वाहनों की नो एंट्री होगी। एक ओर तिलता मोड़ तो दूसरी ओर पिस्का मोड़ पर भारी वाहनों (मालवाक ट्रक व अन्य) के रूट डायवर्ट किए जाएंगे।

## मोतिहारी के चर्चित फिल्म निर्माता निशांत उज्ज्वल को मिला दादा साहब फाल्के फिल्म फाउंडेशन अवार्ड



**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** भोजपुरी फिल्मों के प्रसिद्ध निर्माता और वितरक निशांत उज्ज्वल को उनकी चर्चित भोजपुरी फिल्म माई *द प्राइड ऑफ भोजपुरी* के लिए सर्वश्रेष्ठ भोजपुरी फिल्म निर्माता का दादा साहब फाल्के फिल्म फाउंडेशन अवार्ड दिया गया। यह अवार्ड उनको मुंबई के जुहू स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह के दौरान कश्मीर फाइल व मैरी कॉम फेम दर्शन कुमार और इंडियन पिक्चर्स प्रोड्यूसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सिन्हा द्वारा दिया गया। अवार्ड मिलने से अभिभूत निशांत उज्जवल ने कहा कि इस अवार्ड ने मेरी जिम्मेदारी और भी बढ़ा दी है। उल्लेखनीय है, कि अवार्ड समारोह में निशांत उज्जवल की फिल्म माई *द प्राइड ऑफ भोजपुरी* के लिए मशहूर निर्देशक रजनीश मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवार्ड मिला। वहीं बेवफा सनम के लिए स्मृति सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और पवन सिंह को इसी फिल्म के लिए बेस्ट ऐक्टर का अवार्ड मिला। इसके अलावा, हिंदी में गदर 2 के लिए अनिल शर्मा को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सम्मान मिला। विलेन के लिए मनीष बाधवा को, न्यू फेस के लिए सिमरत कौर को, टेलिविजन के लिए करण मेहरा, चाहत पांडेय, रोनित राय के अलावा दीपक तिजोरी, पूनम ढिल्लन, राजपाल यादव, प्रतीक गांधी, उदित नारायण, अली गोनी को भी यह अवार्ड दिया गया। निशांत उज्ज्वल ने अपने करियर में कई उत्कृष्ट भोजपुरी फिल्मों का निर्माण किया है, जिनमें से कई ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा प्राप्त की है। निशांत उज्ज्वल को यह पुरस्कार मिलने से उनके प्रशंसकों और भोजपुरी फिल्म उद्योग में खुशी व्याप्त है। यह पुरस्कार न केवल उनके करियर की एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि भोजपुरी सिनेमा के विकास में उनके योगदान को भी सम्मानित करता है। विदित हो कि निशांत उज्जवल बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी शहर स्थित बलुआ चौक के रहने वाले हैं। निशांत उज्जवल के पिता स्व. विजय कुमार सिन्हा भी फिल्म वितरक थे। निशांत उज्ज्वल ने अपने करियर की शुरुआत जनसंपर्क से की थी। इसके बाद वह फिल्म वितरण के क्षेत्र में आ गए और अब वह एक बेहतरीन फिल्म निर्माता के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। माई द प्राइड का भोजपुरी के अलावा उन्होंने फिल्म दाग एगो लांछन, मेहंदी लगा के रखना 3, विवाह 2, विवाह 3, मुझे कुछ कहना है जैसी सफल और ब्लॉकबस्टर फिल्म भी बनाई है।







# माल्या, नीरव मोदी और चोकसी इसलिए भागे क्योंकि एजेंसियां पकड़ने में विफल रहीं, विशेष अदालत की टिप्पणी

**नई दिल्ली ।**
मुंबई की एक विशेष अदालत ने हाल ही में कहा कि लाखों डॉलर के घोटालों में शामिल नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या इसलिए देश से भागने में सफल रहे क्योंकि जांच एजेंसियां उन्हें उचित समय पर गिरफ्तार करने में विफल रहीं। विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत आरोपी की जमानत की शर्तों में बदलाव की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने 29 मई को धन शोधन के एक मामले में आरोपी व्योमेश शाह की उस याचिका को स्वीकार कर लिया था जिसमें उसने विदेश यात्रा के लिए अदालत से पूर्व अनुमति लेने की जमानत शर्त को वापस लेने का अनुरोध किया था। इस मामले में विस्तृत आदेश हाल ही में उपलब्ध कराया गया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तर्क दिया था कि शाह के आवेदन को अनुमति देने से नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी जैसे मामलों का इजाफा होगा। जांच एजेंसी की दलील को खारिज करते हुए न्यायाधीश ने कहा, मैंने इस दलील पर विचार किया और यह गौर करना जरूरी समझा कि ये सभी लोग इसलिए भाग गए क्योंकि संबंधित जांच एजेंसियां इन्हें उचित समय पर गिरफ्तार नहीं कर पाईं।

उन्होंने कहा कि इसके विपरीत शाह समन के जवाब में अदालत में पेश हुए, जमानत हासिल की और कई बार विदेश यात्रा के लिए आवेदन किया। अदालत ने कहा कि शाह के मामले की तुलना नीरव मोदी, विजय माल्या, मेहुल चोकसी आदि के मामलों से नहीं की जा सकती। हीरा कारोबारी नीरव मोदी और उसका मामा मेहुल चोकसी पीएनबी घोटाले में मुख्य आरोपी हैं। नीरव मोदी फिलहाल ब्रिटेन में जेल की सजा काट रहा है जबकि उसके मामा एंटीगुआ में रहते हैं। माल्या इस समय ब्रिटेन में हैं और वह 900 करोड़ रुपये से अधिक के कथित ऋण धोखाधड़ी मामले में आरोपी हैं। जिसकी जांच ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एआई पायलट्स की जगह नहीं ले सकता, दावा- नई तकनीक से तरीकों में ही बदलाव है संभव




**दुबई ।** एयरलाइंस में हाल फिलहाल में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पायलट्स की जगह नहीं ले सकती, लेकिन विमानन उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि नई तकनीक उनके व्यापार करने के तरीके में क्रांति ला रही है। दुबई में इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की 80वीं बैठक से पहले एयर फ्रांस-केएलएम में डेटा साइंस और एआई के प्रमुख जूली पॉजी ने यह बात कही। वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हर क्षेत्र में तेजी से अपना पैर फैला रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर एयरलाइंस ने बताया कि भविष्य में यह पायलटों की जगह नहीं लेगा, लेकिन विमानन उद्योग के विशेषज्ञों का मानना है कि नई तकनीक उनके व्यापार करने के तरीके में तेजी से बदलाव ला रहे हैं। एयर फ़्रांस-केएलएम में डेटा विज्ञान और एआई के प्रमुख जूली पोजी ने विमानन क्षेत्र के लिए डेटा और एआई को एक शानदार लीवर बताया। संयुक्त अरब अमीरात में एक वार्षिक वैश्विक शिखर सम्मेलन में एयरलाइंस अधिकारी शामिल हुए। इस सम्मेलन में आगामी एआई परियोजनाओं को लेकर चर्चा हुई। विमानन कंपनियां लंबे समय से ही कम लाख मार्जिन की आदी है, लकिन एआई के जरिए इसके उत्पादकता में वृद्धि हो सकती है। एआई के जरिए लोगों तक जल्द पहुंचेगी जानकारी अमेरिका स्थित फर्म बेन एंड कंपनी में एयरलाइन उद्योग के प्रमुख सलाहकार जेफ्री वेस्टन ने कहा, एआई वास्तव में सही लोगों तक सही जानकारी जल्द से जल्द पहुंचाने में मददगार है। जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करते हुए 40 से अधिक परियोजनाओं के साथ एयर फ्रांस-केएलएम ऐसा कर रहा है। फ्रेंच-डच कंपनी की योजनाओं में एक ऐसा टूल है जो ग्राहकों को 85 अलग-अलग भाषाओं में जवाब देता है। इसे एयर फ्रांस एजेंटों के टैबलेट पर इंस्टॉल किया जाएगा और 2025 तक पेरिस चार्ल्स डे गॉल एयरपोर्ट पर लागू कर दिया जाएगा।

### लावा युवा 5जी स्मार्टफोन लांच




**नई दिल्ली ।** भारतीय बाजार में लावा युवा 5जी स्मार्टफोन लॉन्च हो चुका है। इस 4जीबी +64जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 9,499 रुपये और 4जीबी प्लस 128जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 9,999 रुपये है। यह फोन दो स्टोरेज वेरिएंट- 4 जीबी प्लस 64जीबी और 4जीबी प्लस128 जीबी में लाया गया है। लावा युवा 5जी स्मार्टफोन में 6 I5-इंच एचडी प्लस डिस्प्ले है, जिसे 90 एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ जोड़ा गया है। इसमें यूनिसोक टी750 प्रोसेसर मिलता है, जिसे 4जीबी तक रैम और 128 जीबी तक स्टोरेज के साथ पेश किया गया है। इसमें डुअल कैमरा सेटअप मिलता है, जिसे 50एमपी मुख्य सेंसर और 2एमपी सेकेंडरी सेंसर के साथ पेश किया गया है। इसमें आगे की तरफ 8 एमपी का कैमरा सेंसर है। इस स्मार्टफोन में 5,000 एमएएच की बैटरी दी गई है, जिसे 18वॉट चार्जिंग सपोर्ट के साथ लाई गई है। लावा युवा 5जी एंड्राएंड 13 ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलता है। कंपनी ने एंड्राएंड 14 और दो साल के सिक्योरिटी अपडेट को पेश करने की बात कही है। कलर ऑप्शन की बात करें तो यह फोन मिस्टिक ब्लू और मिस्टिक ग्रीन कलर ऑप्शन में लाया गया है।

### मुनाफा कमाने के मामले में पीएनबी नंबर वन

**मुंबई ।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने मुनाफा कमाने के मामले में करीब 12 सरकारी बैंकों को पछाड़ते हुए सबसे ऊंचे पायदान पर पहुंचने में कामयाबी हासिल की है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान पीएनबी ने मुनाफा कमाने के मामले में करीब 229 फीसदी की सबसे ऊंची बढ़ोतरी दर्ज करके टॉप पर अपना स्थान बना लिया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में मुनाफा कमाने के मामले में टॉप पर आने के बाद पीएनबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उनका बैंक विरासत की समस्याओं को पीछे छोड़ते हुए बैंकिंग प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने और चालू वित्त वर्ष तथा आगामी वर्षों के दौरान लाभप्रदता के मामले में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए सही रास्ते पर है। मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पंजाब नेशनल बैंक 229 फीसदी की सबसे अधिक बढ़ोतरी दर्ज करके सूची में टॉप पर रहा। बैंक का लाभ वित्त वर्ष 2022-23 के 2,507 करोड़ रुपये की तुलना में तीन गुना से ज्यादा बढ़कर 8,245 करोड़ रुपये हो गया।

# लोकसभा चुनाव खत्म होते ही महंगा हुआ दूध, अमूल के बाद मदर डेयरी ने दो रुपये लीटर बढ़ाए दाम

**नई दिल्ली ।**

**लोकसभा चुनाव के खत्म होते ही देश की दो सबसे बड़ी दुग्ध उत्पादक कंपनियों ने अपने उत्पादों के दाम बढ़ा दिए हैं। पहले अमूल ने दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की। इसके 12 घंटे बाद ही मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर बाजार में दूध की कीमतों बढ़ोतरी का एलान कर दिया है।**



कंपनी ने दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इसका कारण पिछले 15 महीनों में लागत में वृद्धि बताया गया है। सभी प्रकार के दूध की कीमतों में वृद्धि तीन जून से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के साथ-साथ अन्य बाजारों में भी लागू हो गई है। कंपनी ने आखिरी बार फरवरी 2023 में अपने तरल दूध की कीमतों में बदलाव किया था।

मदर डेयरी ने बयान में कहा कि वह तीन जून 2024 से सभी बाजारों में अपने तरल दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि कर रही है। उपभोक्ता मूल्य में वृद्धि मुख्य रूप से उत्पादकों को बढ़ी हुई उत्पादन लागत की भरपाई के लिए की गई है। इसमें पिछले एक साल से अधिक समय से बढ़ोतरी देखी जा रही है।

दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध अब 68 रुपये प्रति लीटर, जबकि टोंड 56 रुपये और डबल टोंड दूध 50 रुपये प्रति लीटर की दर से उपलब्ध होगा। भैंस के दूध की कीमत 72 रुपये और गाय के दूध की कीमत 58 रुपये प्रति लीटर होंगी। टोकन दूध (थोक विक्रय दूध) 54 रुपये प्रति लीटर पर बेचा जाएगा।

इससे पहले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने बताया था कि दूध के संचालन और उत्पादन की कुल लागत में वृद्धि के मद्देनजर सभी प्रकार के अमूल दूध की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। इससे देशभर के सभी बाजारों में अमूल दूध पाउच की कीमत दो रुपये प्रति लीटर तक बढ़ जाएगी।

अमूल ब्रांड के तहत दूध और डेयरी उत्पादों का विपणन जीसीएमएमएफ करती है। जीसीएमएमएफ के प्रबंधन निदेशक जयन मेहता ने कहा कि अमूल ब्रांड के तहत सभी प्रकार के दूध की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। पिछली बार जीसीएणएमएफ ने दूध की कीमत फरवरी 2023 में बढ़ाई थी। मेहता ने कहा कि किसानों को उनकी बढ़ी हुई उत्पादन लागत की भरपाई के लिए यह वृद्धि जरूरी है।

जीसीएमएमएफ के मुताबिक, अमूल एक नीति के रूप में दूध और दुग्ध उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान किए गए प्रत्येक रुपये में से करीब 80 पैसे उत्पादकों को देता है। बयान में कहा गया, कीमत में संशोधन से हमारे दुग्ध उत्पादों को लाभकारी दूध की कीमतों को बनाए रखने और उन्हें और दुग्ध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी।

### रुपया 38 पैसे बढ़कर 83.04 डॉलर पर




**मुंबई ।** विदेशी बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 38 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.04 पर पहुंच गया। यह उसका तीन महीने का उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कमजोर अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजारों में विदेशी पूंजी के प्रवाह से भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.09 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.04 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 38 पैसे की बढ़त दर्शाता है। इस वर्ष 18 मार्च को रुपया 83.00 के स्तर को पार कर गया था। स्थानीय मुद्रा ने अप्रैल 2023 के बाद से सबसे अधिक एकल-दिवसीय वृद्धि दर्ज की, जब रुपये में 42 पैसा का उछाल आया था। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.42 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.56 पर रहा।

# दिग्गज मीडिया कारोबारी रुपर्ट मर्डोक की पांचवीं पत्नी ऐलेन झुकोवा कौन, रूस से क्या है नाता



**नई दिल्ली ।**
पिछले साल फॉक्स एंड न्यूज कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल से सेवानिवृत्त हुए 93 वर्षीय रूपर्ट मर्डोक लॉस एंजिलिस के बेल एयर स्थित अपने मोरागा वाइनयार्ड में एलेना झुकोवा के साथ पांचवीं बार शादी के बंधन में बंध गए। कौन हैं रुपर्ट मर्डोक की पांचवीं पत्नी एलेना झुकोवा वे किस पेशे से जुड़ी हैं उनका रूस से क्या संबंध है वे पहली बार मर्डोक से कैसे मिलीं आइए जानते हैं इन सवालों के जवाब। ऐलेना जुकोवा एक सेवानिवृत्त आणविक जीवविज्ञानी हैं, जो मधुमेह अनुसंधान के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखती हैं। इस क्षेत्र में उनके योगदानों में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स में किए गए कार्य शामिल हैं। मार्डोक की पांचवीं पत्नी का रूस से क्या संबंध है रूपर्ट मर्डोक की पांचवीं पत्नी ऐलेना झुकोवा मूल रूप से मास्को की रहने वाली हैं।67 वर्षीय झुकोवा सोवियत संघ के अंतिम वर्षों के दौरान 1991 में संयुक्त राज्य अमेरिका में शिफ्ट हो गई थीं। मर्डोक से कैसे मिलीं झुकोवा झुकोवा को रूपर्ट मर्डोक से उनकी (मर्डोक) तीसरी पूर्व पत्नी वेंडी डेंग ने एक आयोजित एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान मुलाकात कराई थी। वेंडी डेंग और मर्डोक ने अपनी शादी के 14 साल बाद 2013 में तलाक ले किया था। पहले भी दो बार हो चुकी है झुकोवा की शादी ऐलेना जुकोवा पहले भी दो बार शादी कर चुकी हैं। उनकीशादी रूसी तेल कारोबारी और अरबपति अलेक्जेंडर झुकोव से भी हो चुकी है। उनकी एक बेटी है, 42 साल की दशा झुकोवा। झुकोवा अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि को सामान्य और मास्को के बुद्धिजीवियों में से एक बताती हैं। यह उनकी जड़ों और मास्को के सांस्कृतिक और बौद्धिक परिवेश से उनके संबंध को उजागर करता है। मर्डोक ने 2022 में अपनी चौथी पत्नी को दिया तलाक रूपर्ट मर्डोक ने 2022 में अपनी चौथी पत्नी, सुपरमॉडल जेरी हॉल को तलाक दे दिया। उनकी पिछली पत्नियों में वेंडी डेंग, अन्ना मर्डोक मान और पेट्रीसिया बुकर शामिल हैं। उनके कुल छह बच्चे हैं।

# अरबपति नेल्सन पेल्ट्ज ने डिज्नी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेची, एक अरब डॉलर के मुनाफे के साथ हुआ सौदा



**नई दिल्ली ।**
अरबपति निवेशक और एक्टिविस्ट नेल्सन पेल्ट्ज ने डिज्नी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है। पेल्ट्ज़ और उनके हेज फंड, ट्रायन फंड मैनेजमेंट ने मीडिया और मनोरंजन समूह के खिलाफ लंबे समय से चल रही अपनी प्रॉक्सी वॉर में हार के करीब दो महीने बाद यह बिकवाली की। रिपोर्ट्स के अनुसार पेल्ट्स ने अपनी पूरी हिस्सेदारी करीब 1 अरब डॉलर के मुनाफे में बेची है। पेल्ट्ज़ ने अपने सभी डिज्नी स्टॉक को लगभग 120 डॉलर प्रति शेयर के भाव पर बेच दिया।

# सोना लुढ़का, चांदी में गिरावट, सोना 71,400 हजार, चांदी लगभग 90,900 हजार

**नई दिल्ली ।**

**देश के सराफा बाजारों में सप्ताह के पहले दिन सोने और चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। सोने के वायदा भाव 71,400 हजार रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 90,900 हजार रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे।**



वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। हालांकि बाद में इनके भाव में गिरावट देखी जाने लगी। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 367 रुपये की गिरावट के साथ 71,467 रुपये के भाव पर खुला।

सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरम रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 445 रुपये की गिरावट के साथ 91,125 रुपये पर खुला। इस समय यह 686 रुपये की गिरावट के साथ 90,884 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने- चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में भाव गिर गए। कॉमेक्स पर सोना 2,348 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,345.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.70 डॉलर की गिरावट के साथ 2,344.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 30.62 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 30.44 डॉलर था। इस समय यह 0.15 डॉलर की गिरावट के साथ 30.29 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# देश में 2023-24 के दौरान आया 44.43 अरब डॉलर का विदेशी निवेश, नीदरलैंड और जापान से बढ़ा एफडीआई

**नई दिल्ली ।**
दुनियाभर में आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश में 2023-24 के दौरान 44.43 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया। हालांकि, यह सालाना आधार पर 3.5 फीसदी कम है। इस दौरान भारत को सिंगापुर से सबसे ज्यादा 11.77 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मिला। इसके बावजूद यह 2022-23 की तुलना में 31.55 फीसदी कम है।



आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 के दौरान सिंगापुर, मॉरीशस, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी निवेश में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ा है। वित्त वर्ष 2018-19 से सिंगापुर, भारत के लिए एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत रहा है। 2017-18 में भारत ने मॉरीशस से सबसे ज्यादा एफडीआई आकर्षित किया था। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत-मॉरीशस कर संधि में संशोधन के बाद सिंगापुर, भारत में निवेश के लिए पसंदीदा क्षेत्र के रूप में उभरा है। 2024-25 में भारत में एफडीआई में तेजी आएगी। डेलॉय इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा, हाल ही में रीट विनियमन 2014 में संशोधन जैसी भारत की पहल ने सिंगापुर स्थित निवेशकों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। मॉरीशस से निवेश घटकर 6.13 अरब डॉलर आंकड़ों के मुताबिक, भारत में एफडीआई के मामले में मॉरीशस दूसरे स्थान पर रहा। हालांकि, मॉरीशस से निवेश 7.97 अरब डॉलर से घटकर 2023-24 में 6.13 अरब डॉलर रह गया।अमेरिका 4.99 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर रहा।2022-23 में उसने 6 अरब डॉलर का निवेश किया था। बीते वित्त वर्ष के दौरान भारत में नीदरलैंड से 4.93 अरब डॉलर, जापान से 3.17 अरब डॉलर, यूएई से 2.9 अरब डॉलर और ब्रिटेन से 1.2 अरब डॉलर का निवेश आया है। साइप्रस ने 80.6 करोड़ डॉलर और जर्मनी ने 50.5 करोड़ डॉलर का निवेश किया। आंकड़ों के मुताबिक, 2023-24 के दौरान देश में कुल 70.95 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया। यह वित्त वर्ष 2022-23 के 71.35 अरब डॉलर की तुलना में एक फीसदी कम है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान देश में कुल 84.83 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया था, जो अब तक का सर्वाधिक है।

### रियलमी सी 63 स्मार्टफोन इंडोनेशिया में लॉन्च



**नई दिल्ली ।** इंडोनेशिया में चाइनीज कंपनी द्वारा रियलमी सी 63 स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। स्मार्टफोन के 6जीबी रैम प्लस 128जीबी स्टोरेज मॉडल की कीमत आईडीआर 1,999,000 यानी लगभग 10,000 रुपये और 8जीबी रैम प्लस 128जीबी स्टोरेज मॉडल की कीमत आईडीआर 2,299,9000 यानी लगभग 12,000 रुपये रखी गई है। रियलमी सी 63 स्मार्टफोन लेदर ब्लू और जेड ग्रीन कलर ऑप्शन में लाया गया है। इसकी सेल 5 जून को शुरू होगी। प्रोसेसर की बात करें तो इसमें ऑक्टा-कोर यूनिसोक टी612 चिपसेट मिलता है, जिसे माली-जी57 जीपीयू और 8जीबी तक रैम, 8जीबी वर्चुअल रैम और 256जीबी ऑनबोर्ड स्टोरेज के साथ लाया गया है। कैमरा की बात करें तो इस फोन में 50एमपी के प्राइमरी सेंसर के साथ डुअल रियर कैमरा यूनिट दिया गया है। इसमें सेल्फी और वीडियो चैट के लिए 8 एमपी कैमरा है।बैटरी की बात करें तो रियलमी सी 63 45वॉट सुपरवॉक फ़ास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5,000 एमएएच की बैटरी मिलती है। इसकी खासियत है कि यह एक मिनट के चार्ज से एक घंटे तक का टॉकटाइम दे सकती है। फोन की बैटरी एक बार चार्ज करने पर 38 दिनों तक का स्टैंडबाय टाइम दे सकती है। डिस्प्ले की बात करें तो रियलमी सी 63स्मार्टफोन में 6.74-इंच एचडी प्लस (1,600एक्स720 पिक्सल) डिस्प्ले है, जिसमें 90 एचझेड रिफ्रेश रेट, 450नीटस की पीक ब्राइटनेस और 180 एचझेड टच सैंपलिंग रेट मिलता है।



# पहला सेट गंवाने के बाद सिनर ने की वापसी चार साल में पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**पेरिस ।**

ऑस्ट्रेलियन ओपन के चैंपियन जानिक सिनर ने ग्रैंडस्लैम में इस साल अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सिनर ने फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त कॉरेंटिन मौटेट के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 2-6, 6-3, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। सिनर 2020 के बाद पहली बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं।

**मौटेट ने सिनर को चौंकाया** - मौटेट ने शुरुआती सेट में सिनर को हराकर चौंका दिया था। मौटेट ने पहले सेट में सिनर को कोई मौका नहीं दिया और 6-2 से यह सेट अपने नाम किया। हालांकि, इसके बाद सिनर ने जबरदस्त तरीके से वापसी की और अगले तीनों सेट जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सिनर ने मैच के बाद कहा, यह मेरे लिए काफी कठिन था और मुझे लगता है कि पहले सेट में मौटेट ने शानदार खेल दिखाया। मेरे पास कुछ मौके थे, लेकिन वह मुझसे काफी अच्छा खेला जिस कारण मुझे ढलने में थोड़ा समय लगा।

**सिनर का सामना अब दिमित्रोव से होगा** - सिनर का सामना क्वार्टर फाइनल में ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। दिमित्रोव ने एक कड़े मुकाबले में ह्यूबर्ट हर्काज़ को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 10वीं वरीयता प्राप्त दिमित्रोव ने आठवें वरीय हर्काज को 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। यह पहला अवसर है जब दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई। वह यूएस ओपन, ऑस्ट्रेलियन ओपन और विंबलडन में एक-एक बार सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं।

**अल्काराज-सितसिपास भी आगे बढ़े** - पुरुष सिंगल्स वर्ग के अन्य मैचों में दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता स्पेन के कार्लोस अल्काराज और 2021 में फ्रेंच ओपन के उप विजेता स्टेफानोस सितसिपास ने भी अपने-अपने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां ये दोनों खिलाड़ी एक दूसरे का सामना करेंगे। तीसरे वरीय अल्काराज ने कनाडा के 21वें वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-3, 6-3, 6-1 से, जबकि नौंवे वरीय सितसिपास ने इटली के गैर वरीय माटियो अर्नाल्डी को 3-6, 7-6 (4), 6-2, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और ओन्स ज्व्यूर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## न्यूज ब्रीफ

### कारुआना को हराने के बाद अलीरेजा से हारे प्रज्ञानंद, कार्लसन ने लिरेन को दी मात, वैशाली भी हारीं


नई दिल्ली । भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद का शानदार प्रदर्शन नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में हार के साथ रुक गया।



दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना को पांचवें दौर में हराने वाले प्रज्ञानंद को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। दूसरी ओर, मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली। कार्लसन को एकल बढ़त लिरेन को हराने के साथ ही कार्लसन ने छह दौर के बाद एकल बढ़त बना ली है। कारुआना ने हमवतन हिकारु नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई। अब जब चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं, जबकि प्रज्ञानंद 9.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। अलीरेजा आठ अंकों के साथ चौथे और कारुआना 6.5 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं, जबकि चीन के डिंग लीरेन अब तक केवल 2.5 अंक ही बना पाए हैं। वैशाली को भी मिली हार महिलाओं के वर्ग में भी भारत के हाथ निराशा लगी। प्रज्ञानंद की बहन और महिला ग्रैंडमास्टर वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा। महिलाओं के वर्ग में वेनजुन जू और अन्ना मुजिचुक ने वैशाली की जगह बढ़त हासिल कर ली है। वेनजुन जू और मुजिचुक दोनों के समान 10.5 अंक हैं, जबकि वैशाली उनसे आधा अंक पीछे है। मुजिचुक ने चीन की टिंगजी लेई को आर्मगेडन टाईब्रेकर में हराया। लेई सात अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। वह भारत की एक अन्य खिलाड़ी कोनेरू हंपी से दो अंक आगे है। हंपी को आर्मगेडन में स्वीडन की पिया क्रैमलिंग के हाथों एक और हार का सामना करना पड़ा। क्रैमलिंग के 4.5 अंक हैं और वह तालिका में सबसे निचले स्थान पर है।

### ऑस्ट्रेलिया जीत सकती है टी-20 विश्वकप : नासिर हुसैन

लंदन । इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा है कि इस बार टी-20 विश्वकप खिताब ऑस्ट्रेलिया जीतेगी।



हुसैन के अनुसार इंग्लैंड की टीम को इस खिताब का प्रबल दावेदार नहीं माना जा सकता है क्योंकि उसका प्रदर्शन अभी उम्मीद के अनुरुप नहीं है। ये पूर्व कप्तान भारत और पाकिस्तान को भी जीत का बड़ा दावेदार नहीं मानता है। इससे पहले साल 2021 में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार टी-20 विश्वकप जीता था। ऑस्ट्रेलिया ने खराब शुरुआत से उबरकर पिछले साल हुए एकदिवसीय विश्वकप में भी जीत दर्ज की थी। तब उसने भारतीय टीम को हराया था। अबतक सबसे ज्यादा बार टी-20 विश्वकप इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने दो-दो बार जीता है। इंग्लैंड ने साल 2010 और साल 2022 में खिताब जीता है। वहीं, वेस्टइंडीज ने साल 2012 और साल 2016 में टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। हुसैन के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई टीम अच्छी लय में है और उसके पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं जो किसी भी टीम को दबाव में ला सकत हैं।

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम की प्रो लीग में करारी शिकस्त, ग्रेट ब्रिटेन ने 1-3 से हराया

नई दिल्ली । एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण के अपने दूसरे मैच में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। मेजबान ने भारत को 1-3 से हराया। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने विश्व चैंपियन जर्मनी को 3-0 से हराया था लेकिन भारतीय टीम अपनी जीत की लय बरकरार रखने में नाकाम रही। ग्रेट ब्रिटेन के लिए बंडुराक निकोलस ने दो (दूसरे और 11वें मिनट में) गोल किए। मेजबान टीम के लिए कैलनन विल (47वें मिनट) ने भी एक गोल किया। वहीं, भारत के लिए सिर्फ एक गोल अभिषेक ने किया। उन्होंने 35वें मिनट में गोल किया। भारत को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इनमें से किसी को भी गोल में तब्दील नहीं कर सकी। इस मैच में ग्रेट ब्रिटेन को भी पांच पेनल्टी कॉर्नर मिले थे, लेकिन वह भी इनमें से किसी पर गोल नहीं कर पाई। भारत एफआईएच तालिका में ग्रेट ब्रिटेन से एक स्थान आगे तीसरे स्थान पर है। अब भारतीय टीम अपने अगले मैच में आठ जून को जर्मनी से भिड़ेगी।

## 12 साल में टी-20 वर्ल्ड कप में पहला सुपरओवर

# नामीबिया ने ओमान को हराया ; विसे ने सुपरओवर में 13 रन बनाए, 1 विकेट लिया

**नई दिल्ली ।**

आखिरी ओवर और जीत के लिए 5 रन की जरूरत। किसी भी टी-20 मैच में ये रन बेहद मामूली कहे जाएंगे। लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप में नामीबिया और ओमान के बीच खेले गए मैच में ये मामूली रन भी नहीं बने। ओमान के गेंदबाजों ने नामीबिया के बल्लेबाजों के लिए ये स्कोर नामुमकिन बना दिया। पहले इस ओवर की कहानी... एक ओवर में 5 रन चाहिए थे और ओमान के कप्तान आकिब ने मेहरान खान को गेंदबाजी के लिए बुलाया। पहली 3 गेंदों में मेहरान ने बिना रन दिए 2 विकेट लिए। बची हुई 3 गेंदों पर 4 रन बने और मैच टाई हो गया। टी-20 वर्ल्ड कप में 12 साल बाद एक बार फिर मैच सुपर ओवर में पहुंचा। इससे पहले 2012 में न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज का मैच रिजल्ट सुपर ओवर से निकला था। वेस्टइंडीज जीता था।





### नामीबिया और ओमान के बीच सुपर ओवर का रोमांच...

**नामीबिया की बैटिंग...**

- पहली गेंद- डेविड विसे को बिलाल खान ने पहली गेंद फेंकी। चौका लगा।
- दूसरी गेंद- बिलाल ने फुलटॉस डाली और 39 साल के विसे ने सिक्स लगा दिया।
- तीसरी गेंद- विसे ने 2 रन लिए।
- चौथी गेंद- विसे ने 1 रन लिया।
- पांचवीं गेंद- इरासमस क्रीज पर थे और बिलाल की गेंद पर उन्होंने चौका मारा।
- छठवीं गेंद- इरासमस ने फिर चौका लगाया।

**ओमान को 22 रन का टारगेट...**

- पहली गेंद- विसे बॉलिंग के लिए आए। पहली गेंद यॉर्कर डाली और नसीम खुशी ने 2 रन लिए।
- दूसरी गेंद- विसे ने फिर यॉर्कर बॉल डाली। नसीम कोई रन नहीं बना पाए।
- तीसरी गेंद- विसे ने फिर फुल लेंथ बॉल डाली और बैट से लगकर गेंद स्टंप्स से टकरा गई।
- चौथी गेंद- ओमान के कैप्टन आकिब क्रीज पर आए, लेकिन विस ने इस बार लेंथ बॉल डाली। आकिब एक रन बना सके। अब ओमान को 2 गेंदों में 19 रन चाहिए थे।
- पांचवीं गेंद- मकसूद स्ट्राइक पर थे, लेकिन वो भी विसे को बाउंड्री पार नहीं पहुंचा सके। सिर्फ 1 रन बना।
- छठवीं गेंद- आकिब ने सिक्स लगाया, लेकिन बहुत देर हो चुकी थी। नामीबिया 11 रन से जीत गया।

**नामीबिया-ओमान मैच का स्कोरकार्ड** - नामीबिया और ओमान के बीच ये रोमांचक मुकाबला बारबाडोस के केंसिग्टन ओवल मैदान में खेला गया। नामीबिया ने बॉलिंग का फैसला किया। ओमान 109 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ऐसा लगा कि नामीबिया आसान जीत हासिल करेगी। लेकिन 110 का टारगेट वो भी नहीं हासिल कर पाई। 109 रन ही बना सकी और मैच सुपर ओवर में पहुंचा गया। नामीबिया की ओर से डेविड विसे ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने सुपरओवर में पहले कप्तान जेराड इरास्मस के साथ मिलकर छह गेंदों पर 21 रन बनाए। इसके बाद इस टारगेट को डिफेंड करने के लिए भी कप्तान ने विसे पर भरोसा जताया। विसे ने सिर्फ 10 रन ही दिए और एक विकेट भी झटका। विसे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ओमान की पारी : बल्लेबाजी नहीं चली, पहले ओवर में 2 विकेट गिरे ओमान की बल्लेबाजी पहले ही ओवर से काफी खराब रही और टीम अंत तक इससे नहीं उबर सकी। पहले ओवर की शुरुआती दो गेंदों पर ट्रम्पेलमैन ने ओमान को लगातार दो झटके दिए। ओमान के लिए खालिद कैल ने 34 रन और जीशान मकसूद ने 22 रन बनाए। इन्हीं दोनों खिलाड़ियों के दम पर टीम 100 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल रही। ओमान टीम के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। नामीबिया के लिए रूबेन ट्रम्पेलमैन ने 21 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि विसे ने 28 रन देकर 3 विकेट झटके। इनके अलावा कप्तान जेराड इरास्मस ने 2 विकेट और बर्नार्ड स्कोल्ट्ज को एक विकेट मिला। नामीबिया की पारी: फ्राइलिनक अर्धशतक से चूके, मेहरान ने 3 विकेट लिए 110 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी नामीबिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। हालांकि नामीबिया पूरे मैच में ओमान पर हावी रही। टीम को पहला झटका पहले ओवर की दूसरी ही बॉल पर लगा। माइकल वान लिंगेन को बिलाल खान ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद निको डेविन और जान फ्राइलिनक ने दूसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की। टीम के लिए सबसे ज्यादा 45 रन फ्राइलिनक ने बनाए। डेविन ने 24 रन की पारी खेली। ओमान की तरफ से मेहरान खान ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। आकिब इलियास, बिलाल खान और अयान खान को 1-1 विकेट मिला। टर्निंग पॉइंट : मैच का टर्निंग पॉइंट आखिरी ओवर रहा। मैच में लगातार हावी रही नामीबिया को ओमान के मेहरान खान ने बैकफुट पर धकेल दिया। नामीबिया को आखिरी ओवर में जीत के लिए 5 रन चाहिए थे मेहरान ने सिर्फ 4 रन दिए। फाइटर ऑफ द मैच : मेहरान खान ने ओमान की ओर से शानदार बॉलिंग की। उन्होंने आखिरी ओवर में 5 रन डिफेंड किए और मुकाबले को सुपर ओवर तक ले गए। नामीबिया को आखिरी ओवर में जीत के लिए 5 रन की जरूरत थी। मेहरान ने इस ओवर में दो विकेट लिए और महज चार रन दिए। उन्होंने मैच में 3 ओवर करते हुए एक मेडन डाला और केवल 7 रन देते हुए 3 विकेट झटके।

**प्लेइंग इलेवन**

**नामीबिया :** जेराड इरास्मस (कप्तान), निको डेविन, माइकल वान लिंगेन, जान फ्राइलिनक, मालन क्रूगर, जेजे स्मिट, डेविड विसे, जेन ग्रीन, रूबेन ट्रम्पेलमैन, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज और तांगेनी लुंगामेनी।

**ओमान :** आकिब इलियास (कप्तान), कश्यप प्रजापति, नसीम खुशी (विकेटकीपर), जीशान मकसूद, खालिद कैल, अयान खान, मोहम्मद नदीम, मेहरान खान, शकील अहमद, कलीमुल्लाह और बिलाल खान।

# नयना को मिली बड़ी सफलता ताइवान में लंबी कूद में स्वर्ण जीता अनिमेष भी स्पेन में चमके





**नई दिल्ली ।**

लंबी कूद की भारत की शीर्ष खिलाड़ी नयना जेम्स ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 6.43 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। वर्ल्ड एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर की कांस्य स्तर की प्रतियोगिता में 28 वर्षीय नयना ने अपने तीसरे प्रयास में दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह भारत के बाहर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। नयना का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6.67 मीटर है जो उन्होंने मार्च में इंडियन ओपन जंप्स प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने के दौरान किया था। उन्होंने पिछले महीने फेडरेशन कप में भी 6.53 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इस बीच भारतीय धावक अनिमेष कुजूर ने स्पेन में ट्रोफियो डि एटलेटिस्मो स्यूदाद डि सलामांका-मेमोरियल कार्लोस गिल पेरेज एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। 21 वर्षीय धावक ने 20.59 सेकेंड के समय से दौड़ जीती। इससे पहले उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 20.62 सेकेंड था जो उन्होंने इस महीने की शुरुआत में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान हासिल किया था। स्पेन के डेनियल रोड्रिग्ज सेरानो (20.85 सेकेंड) और माउरो ट्रियाना लोपेज (21.27 सेकेंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले अनिमेष ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में 10.27 सेकेंड का अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय निकालकर चौथा स्थान हासिल किया था, जो पिछले साल मणिकांत होबलीधर द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय रिकॉर्ड से मामूली अंतर से पीछे था। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस शिरसे ने सलामांका में ही 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.57 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। हाल ही में शिरसे ने फिनलैंड के जैवस्काइला में वर्ल्ड एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर (चैलेंजर स्तर) मीट के दौरान पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 13.41 सेकेंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। फ्रांस में वर्ल्ड एथलेटिक्स श्रेणी डी प्रतियोगिता लिमोज नेशनल मीटिंग में राष्ट्रमंडल खेलों के त्रिकूद स्वर्ण पदक विजेता एल्धोज पॉल ने 16.24 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि जेसी संदेश ने ऊंची कूद के खिताब के लिए 2.18 मीटर का प्रयास किया।

# हर्षित पवार ने शीर्ष वरीय अभिमन्यु को हराया 51 खिलाड़ियों को पहले दौर में मिली सफलता

**गांधीनगर ।**

**विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के पहले दौर में भारत के हर्षित पवार ने शीर्ष वरीय और दुनिया के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा को हराया। हर्षित ने एक बार दबदबा बनाने के बाद अमेरिका के अपने प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया। पहले दौर में 51 खिलाड़ी जीत दर्ज करने में सफल रहे।**

रूस के आर्तियोम स्ट्रीबुक को भी भारत के वीएस नंदीश के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। लड़कियों के वर्ग में शीर्ष वरीय दिव्या देशमुख ने अनुपम एम श्रीकुमार को हराकर शुरुआत की। दूसरी शीर्ष भारतीय रक्षिता रवि ने हमवतन एस शिवमशिखा को हराया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने किया। इस प्रतियोगिता में 11 दौर होंगे जिसके बाद अंडर-20 वर्ग में दोनों वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का फैसला होगा। डी गुकेश और आर प्रज्ञानंदा जैसे शीर्ष जूनियर खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है क्योंकि वे एलीट शतरंज में हिस्सा ले रहे हैं।





# टी20 विश्व कप: बारिश हुई तो सुपर आठ लेवल की शीर्ष टीम करेगी क्वालीफाई

**नई दिल्ली ।**

वेस्टइंडीज और अमेरिका में हो रहे टी20 विश्व कप में केवल फाइनल के लिए रिजर्व दिन रखा गया है पर दोनो सेमीफाइनल के लिए कोई रिजर्व दिन नहीं है। ऐसे में अगर सेमीफाइनल में बारिश हुई तो सुपर आठ लेवल में टॉप पर रहने वाली टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेंगी। 27 जून को गुयाना में दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला होगा। वहीं पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में होगा जो रात का मैच है जबकि गुयाना में दूसरा सेमीफाइनल 27 जून को होगा। दूसरा सेमीफाइनल भारतीय समयानुसार रात 8.30 से शुरू होगा जिसमें मौसम की गाज गिरने पर 250 मिनट का अतिरिक्त समय होगा। पहले सेमीफाइनल को भी इसी तरह अतिरिक्त समय दिया जायेगा जो 26 जून को 60 मिनट और 27 जून को दोपहर दो बजे से 190 मिनट का होगा। फाइनल 29 जून को होगा जिसके लिए 30 जून को रिजर्व दिन होगा। टी20 विश्व कप में खेलने की शर्तों के अनुसार रिजर्व दिन केवल 29 जून को बारबाडोस में होने वाले फाइनल के लिये रखा गया है।सभी मैचों में प्रत्येक पक्ष के लिए एक पारी होगी, प्रत्येक पारी अधिकतम 20 ओवरों तक सीमित होगी। सभी मैच एक दिन की निर्धारित अवधि के होंगे, बशर्ते कि किसी सीरीज या टूर्नामेंट में भाग लेने वाले देश रिजर्व डे के लिए सहमत हो सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो अधूरा मैच फिर से खेला जा सकता है या निर्धारित दिन से जारी रखा जा सकता है। यदि मैच को रिजर्व डे पर जारी रखना है तो मैच को निर्धारित दिन पर पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और ओवरों में आवश्यक कमी की जाएगी। केवल तभी जब निर्धारित दिन पर मैच के लिए आवश्यक न्यूनतम ओवर नहीं फेंके जा सकें तो मैच को रिजर्व डे पर पूरा किया जाएगा।





# छह जून के बाद खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है, कोच स्टिमक ने दिया चौंकाने वाला बयान

**नई दिल्ली ।**

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने छह जून को कुवैत के खिलाफ होने वाले मैच से पहले बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि छह जून को खेले जाने वाले फीफा विश्व कप क्वालिफायर मैच के बाद खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। फीफा विश्व कप क्वालिफायर के दूसरे दौर के घरेलू चरण के मैच में भारत साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ेगा। इसके बाद भारतीय टीम का सामना 11 जून को कतर से उनकी ही सरजमीं पर होगा।

गुवाहाटी में अपनी सरजमीं पर हुए मैच में भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। टीम फिलहाल रैंकिंग में 121वें स्थान पर बनी है। इसके बावजूद भारत पहली बार 2026 विश्व कप के क्वालिफायर के तीसरे दौर में प्रवेश कर सकता है।

स्टिमक ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से कहा, यह बड़ा मुकाबला है। इस मैच से खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। मैं चाहता हूं कि वे अपने खेल का लुत्फ उठायें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।




छह जून को खेले जाने वाले मैच में भारतीय टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। यह मुकाबला करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री का अंतिम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच होगा। स्टिमक ने आगे कहा, इस महत्वपूर्ण मैच के लिए हमें स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग, मैच की अहमियत, मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास के संबंध में कुछ चीजें करनी होंगी। इसलिये हम अपने खिलाड़ियों के लिए हर पहलू पर काम करेंगे ताकि वे इस मैच के लिए अपनी शीर्ष फॉर्म में रहें।


भारतीय टीम को छह मैच में हार का सामना करना पड़ा है। हैरानी की बात यह है कि उन्होंने इन मुकाबलों में सिर्फ एक गोला दागा है। मुख्य कोच ने कहा, इस मैच की तैयारी के लिए दो अहम चीजे हैं। पहले तो यह मैच जीतना बहुत महत्वपूर्ण है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हमें बहुत चतुराई से खेलने की जरूरत होगी। हमें संयम की जरूरत होगी। अगर हम पहले आधे घंटे में गोल नहीं करते हैं तो हमें समझदारी से एकजुट होकर बेहतरीन फुटबॉल खेलनी होगी। ये सभी चीजें काफी अहम हैं और हमें इनके लिए तैयार होना होगा।

### रोहित आयरलैंड के खिलाफ मैच में बना सकते हैं एक रिकार्ड

नई दिल्ली । भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इस बार टी20 में एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर सकते हैं। रोहित विश्वकप में 3 छक्के लगाते ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक 600 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। इसके अलावा उन्हें टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 200 छक्के लगाने के लिए उन्हें केवल 10 छक्कों की जरुरत है। भारतीय टीम टी20 विश्वकप में अपना पहला मैच आयरलैंड से 5 जून को खेलेगी। इस मुकाबले में रोहित के पास तीन छक्के लगाते ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 600 छक्के पूरे करने का अवसर है। इस समय उनके नाम 472 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 597 छक्के हैं। रोहित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक छक्के लगाने के मामले में पहले नंबर पर हैं। इसके अलावा अगर वह 10 छक्के और लगा देते हैं तो उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 200 छक्के हो जायंगे। रोहित के नाम अब तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 151 मैचों में 190 छक्के हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों की सूची में रोहित के बाद न्यूजीलैंड के ओपनर मार्टिन गप्टिल दूसरे नंबर पर हैं। गुप्टिल ने 122 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 173 छक्के लगाए हैं जबकि आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग के नाम 142 मैचों में 128 छक्के हैं। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल के नाम 106 मैचों में 127 छक्के हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने के मामले में रोहित के बाद वेस्टइंडीज के क्रिस गेल हैं। गेल ने 483 मैचों में 553 छक्के लगाए हैं जबकि पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी के नाम 524 मैचों में 476 छक्के हैं।



# इस तरह कम करें कोलेस्ट्रॉल




मेडिकल साइंस के इस तथ्य से आप शायद अवगत ही होंगी कि ब्लड में कोलेस्ट्रॉल के स्तर के बढ़ने से हाई ब्लडप्रेशर और और अन्य हृदय रोगों के होने का जोखिम बढ़ जाता है, लेकिन कुछ बातों पर अमल करके आप बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर इसे नियंत्रित कर सकती हैं..

### अनहेल्दी फैट से दूर

अनहेल्दी फूड के स्थान पर अपने खानपान में साबुत अनाज, ताजे फल और सब्जियां, फिश, ऑलिव ऑयल, लहसुन, बादाम और अखरोट को शामिल करें।

### कॉफी कम

क्या आपको पता है कि प्रतिदिन तीन से छह कप कॉफी पीने से आपके कोलेस्ट्रॉल में आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

### एक्सरसाइज है गुड

हफ्ते में एरोबिक एक्सरसाइज के 30 मिनट के चार सेशन से आपके हाई-डेंसिटी लिपोप्रोटीन (एचडीएल) के स्तर में इजाफा होगा। एचडीएल को गुड कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है।

### वजन पर नियंत्रण

वजन अधिक होने या मोटापे से ग्रस्त होने से आपके कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी बढ़ जाता है। इसलिए समय-समय पर अपना वजन चेक करती रहें।

### ओम शांति शांति


शोधकर्ताओं के अनुसार तनाव व दबाव की स्थितियों में जो लोग शत्रुतापूर्ण या आक्रामक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं, उनका एचडीएल स्तर कम होता है। वहीं जो लोग विपरीत स्थितियों में अपने क्रोध को नियंत्रित करने में सक्षम होते हैं, उनका एचडीएल स्तर ऊंचा रहता है।

### सेम और दाल भी घटाते है कोलेस्ट्रॉल

दिन में कम से कम एक बार भोजन में सेम, मटर या दाल खाने से कोलेस्ट्रॉल नियंत्रण में रहता है और हृदय की बीमारियों का खतरा कम होता है। सेंट माइकल हॉस्पीटल के चिकित्सक सिवेनपाइपर ने कहा कि दिन में एक समय भोजन में दाल खाने से पांच प्रतिशत तक कोलेस्ट्रॉल कम होता है। भोजन में दाल को शामिल करना हृदय के लिए फायदेमंद रहता है। इससे दिल की बीमारियों का खतरा पांच से छह प्रतिशत तक कम होता है। दालों में ग्लाइसेमिक इंडेक्स (पाचन क्रिया के दौरान भोजन सामग्री का टूटना) का स्तर अपेक्षाकृत कम होता है और इनमें अतिरिक्त प्रोटीन और कोलेस्ट्रॉल को घटाने की क्षमता होती है। सिवेनपाइपर ने मेटा एनालाइसिस समीक्षा के तहत 1,037 लोगों पर अध्ययन किया। अध्ययन में पता चला कि पुरुषों में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का स्तर महिलाओं की अपेक्षा कम होता है। इसका कारण महिलाओं का खान-पान में उचित ध्यान न देना हो सकता है। यह अध्ययन पत्रिका कैनेडियन मेडिकल एसोसिएशन में प्रकाशित हुई है।

### पेनकिलर है हानिकारक

जीवन में बहुत बार ऐसे अवसर आते हैं जब हमें पेनकिलर दवाओं का सेवन करना पड़ता है। विशेषत आस्टियो-आर्थराइटिस के मरीजों को अधिक मात्रा में पेनकिलर दवाओं का सेवन करने की आदत हो जाती है। ऐसे मरीजों को यदि हृदय रोग भी हो तो ये दवाएं उनके लिए बहुत खतरनाक हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त अधिक मात्रा में या पेनकिलर का अधिक सेवन हमारे गुर्दों को क्षतिग्रस्त कर सकता है।



### दिल की बीमारियों से दूर रखता है अखरोट

हालिया शोध में पता चला है कि रोजाना अखरोट खाने से डायबिटीज और दिल की बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है। कनेक्टिकट स्थित येल ग्रिफिन प्रिवेंशन रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं के मुताबिक, रोज 56 ग्राम अखरोट के सेवन से अधिक वजन वाले वयस्कों के शरीर की आंतरिक प्रक्रिया में सुधार आता है। इस शोध में 30 से 75 साल के 46 वयस्कों को शामिल किया गया था।



आधुनिक जीवन शैली की तेज रफ्तार एवं भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत का विषय बहुत पीछे रह गया है और नतीजा यह निकला की आज हम युवावस्था में ही ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग, कोलेस्ट्रोल, मोटापा, गठिया, थायरॉइड जैसे रोगों से पीड़ित होने लगे हैं जो कि पहले प्रोढ़ावस्था एवं वृद्धावस्था में होते थे और इसकी सबसे बड़ी वजह है खान पान और रहन सहन की गलत आदतें, आओ हम सेहत के इन् नियमों का पालन करके खुद भी स्वस्थ रहे तथा परिवार को भी स्वस्थ रखते हुए अन्य लोगों को भी अच्छे स्वास्थय के लिए जागरूक करें ताकि एक स्वस्थ एवं मजबूत समाज और देश का निर्माण हो,क्योंकि कहा भी गया है-पहला सुख निरोगी काया।

# स्वस्थ शरीर है सबसे बड़ा खजाना!



### भोजन हो संतुलित

घी, तैल से बनी चीजें जैसे पूड़ी,परांठे,छोले भटूरे,समोसे कचौड़ी, जंक फूड, चाय,कॉफी ,कोल्ड ड्रिंक का ज्यादा सेवन सेहत के लिए घातक है इनका अधिक मात्रा में नियमित सेवन ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रोल, मधुमेह, मोटापा एवं हार्ट डिजीज का कारण बनता है तथा पेट में गैस,अल्सर, ऐसीडिटी, बार बार दस्त लगना, लीवर खराब होना जैसी तकलीफें होने लगती हैं इनकी बजाय खाने में हरी सब्जियां, मौसमी फल, दूध, दही, छाछ , अंकुरित अनाज और सलाद को शामिल करना चाहिए जो की विटामिन,खनिज लवण,फाइबर,एव जीवनीय तत्वों से भरपूर होते हैं और शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। चीनी एवं नमक का अधिक मात्रा में सेवन ना करें,ये डायबिटीज,ब्लड प्रेशर,हृदय रोगों का कारण हैं । बादाम, किशमिश, अंजीर, अखरोट आदि मेवा सेहत के लिए बहुत लाभकारी होते हैं इनका सेवन अवश्य करें पानी एवं अन्य लिक्विड जैसे फलों का ताजा जूस,दूध,दही,छाछ,नींबू पानी,नारियल पानी का खूब सेवन करें,इनसे शरीर में पानी की कमी नहीं हो पाती,शरीर की त्वचा एवं चेहरे पर चमक आती है,तथा शरीर की गंदगी पसीने और पेशाब के दवारा बाहर निकल जाती है।

### व्यायाम का करें नियमित अभ्यास

सूर्योदय से पहले उठकर पार्क जाएं,हरी घास पर नंगे पैर घूमें, दौड़ लगाएं, वाक करें, योगा, प्राणायाम करें, इन उपायों से शरीर से पसीना निकलता है,मांस पेशियों को ताकत मिलती है,शरीर में रक्त का संचार बढ़ता है, अनेक शारीरिक एवं मानसिक रोगों से बचाव होता है,पूरे दिन भर बदन में चुस्ती फुर्ती रहती है,भूख अच्छी लगती है इसलिए नियमित रूप से व्यायाम अवश्य करें।

### गहरी नींद भी है जरुरी

शरीर एवं मन को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन लगभग 7 घंटे की गहरी नींद एक वयस्क के लिए जरुरी है,लगातार नींद पूरी ना होना तथा बार बार नींद खुलना,अनेक बीमारियों का कारण बनता है।



### नींद भी है जरूरी

नेब्रस्का लिंकन विश्वविद्यालय के शोधर्कताओं ने पाया है कि ठीक से सो नहीं पाने के कारण आपका रोजमर्रा का कामकाज प्रभावित हो सकता है। साथ ही ज्यादा खाना खाने की प्रवृत्ति पनप सकती है। यह बच्चे और वयस्क, दोनों पर लागू होता है। वहीं नींद खराब होने के बाद, हार्मोन कंट्रोलिंग सिस्टम भी प्रभावित होता है, इससे भावनात्मक तनाव बढ़ जाता है, और अधिक भोजन, ऊर्जा की कमी को पूरा करने में सक्षम नहीं है। दिन में जो भी आप खाते हैं यह सभी कारक भोजन की मात्रा को प्रभावित करते हैं। नेब्रस्का लिंकन विश्वविद्यालय के शोधकर्ता एलिसा-लिंकन और टीमोथी डी नेल्सन का कहना है कि डॉक्टरों को नींद और खाने के प्रति जागरूक होना चाहिए। नींद सक्रिय रूप से आहार-व्यवहार को बदल देती है। इस पर विचार किया जाना चाहिए। मोटापे से मधुमेह, ह्रदय रोग जैसी घातक बीमारी होने का खतरा बना रहता है। दूसरी ओर, इस बारे में लेखक का कहना है कि अत्यधिक भोजन करना व बाधित नींद को समझना अत्यधिक महत्वपूर्ण है। भोजन का सेवन जैविक, संज्ञात्मक, भावनात्मक और पर्यावरणीय कारकों से प्रेरित है। इसमें लुंथल और नेल्सन का तर्क है कि इन कारकों से सोने की प्रवृत्ति प्रभावित है। नींद प्रभावित होने के चलते वयस्कों और बच्चों दोनों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। इसलिए आवश्यक है कि लोग इसके लिए जागरूक हों, उन्हें खाने की गुणवत्ता और मात्रा का भी ख्याल रखना चाहिए। यह शोधपत्र एक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है।

### ये उपाय करें

सोने का कमरा साफ सुथरा,शांत एवं एकांत में होना चाहिए,रात को अधिकतम 10-11 बजे तक सो जाना और सुबह 5-6 बजे तक उठ जाना स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है,सोने से पहले शवासन करने से अच्छी नींद आती है,खाना सोने से 2-3 घंटे पहले कर लेना चाहिए एवं शाम को खाना खाने के बाद 20-25 मिनट अवश्य घूमें।

### नशे से रहें बच के

यूवा पीढ़ी के लिए कोई सबसे खतरनाक बीमारी है तो वो है नशे के जाल में फँसना,शराब,धूम्रपान,तम्बाकू ये सब सेहत के दुश्मन हैं,किसी भी स्थिति में नशे की लत से बचें,यदि नशे से बचे हुए हैं तो बहुत अच्छा किन्तु,यदि कोई नशा करते हैं तो जितनी जल्दी नशे से दुरी बना लें उतना ही अच्छा है,ये ऐसी बीमारी है जो कैंसर और एड्स से भी ज्यादा खतरनाक है और एकसाथ कई परिवारों को बर्बाद करती है तथा शारीरिक,मानसिक,आर्थिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा के नाश का कारण बनती है, इसलिए नशे से बचना ही बेहतर उपाय है।

### टेंशन को कहें बाय बाय

रोज मर्रा की जिंदगी में आने वाली समस्यों के लिए चिंतन करना सही है चिंता करना नहीं,चिता तो फिर भी मरने के बाद शरीर को जलाती है किन्तु लगातार अनावश्यक चिंता जीते जी शरीर को जला देती है इसलिए तनाव होने पर भाई,बंधू एवं विश्वास पात्र मित्रों से सलाह मश्वरा करें यदि समस्या फिर भी ना सुलझे तो विशेषज्ञ से राय लें।

# बीमारी से बेहतर है बचाव



**कहते हैं** कि बीमारी से बेहतर है बचाव। दिल को स्वस्थ रखने के संदर्भ में कुछ सुझावों पर अमल करें..

- नियमित रूप से अपने शरीर की क्षमता के अनुसार व्यायाम करें। व्यायाम भी दिल को सेहतमंद रखने में कारगर हैं।
- डॉक्टर से परामर्श लेकर आप कार्डियोवैस्कुलर व्यायाम भी कर सकते हैं।
- टहलना भी अच्छा व्यायाम है। शरीर की क्षमता के मद्देनजर नियमित रूप से टहलें।
- जो लोग पहले से ही डाइबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर से ग्रस्त हैं, उनमें हृदय संबंधी समस्याएं होने का खतरा कहीं ज्यादा होता है। इसलिए डाइबिटीज से ग्रस्त लोगों को नियमित रूप से अपने ब्लड शुगर की जांच करनी चाहिए। इसी तरह हृदय रोगों से ग्रस्त लोगों को भी ब्लडप्रेशर चेक करते या कराते रहना चाहिए।
- अगर ब्लडशुगर और ब्लड प्रेशर अनियंत्रित है, तो शीघ्र ही अपने डॉक्टर से परामर्श लें।
- डॉक्टर से परामर्श लेकर एक अंतराल पर रक्त में कोलेस्ट्रॉल लेवल की जांच कराते रहें।
- तंबाकू का सेवन न करें।
- अत्यधिक नमकीन खाद्य पदार्थों को खाने से परहेज करें। नमक कम मात्रा में लें।

### तेल का महत्व

लोगों को खाने के तेल पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। अगर सही प्रकार और सही मात्रा में तेल का इस्तेमाल किया जाए, तो दिल संबंधी बीमारियों को रोकने में मदद मिलती है। इस संदर्भ में राइस ब्रैन तेल अत्यंत लाभप्रद है। इस तेल को चावल के भूसे में से निकाला जाता है। इसके अलावा सरसों का तेल, जैतून और सोयाबीन का तेल भी दिल की सेहत के लिए लाभप्रद है।

### वजन कम करना है तो खाइए फ्रोजन फूड

**वजन कम करना** चाहते हैं तो अपने फ्रीज में झांक कर देखिए। डॉक्टरों का कहना है कि फ्रोजन फूड खान से मोटापे को कम करने में मदद मिलती है। विशेषज्ञों का दावा है कि कम कैलोरी का फ्रोजन फूड खाने से कमर को फैलने से रोका जा सकता है क्योंकि इस प्रकार का भोजन कैलोरी के हिसाब से नियंत्रित होता है । लोयोला यूनिवर्सिटी हेल्थ सिस्टम में पोषाहार और वजन नियंत्रण प्रबंधन की विशेषज्ञ जेसिका बार्टफील्ड ने बताया, 'कम कलौरी के भोजन से नियंत्रित मात्रा में कलौरी ली जाती है जिससे वजन को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है।' बार्टफील्ड का कहना है कि अधिकतर लोग कम कलौरी का भोजन लेते हैं जो प्रतिदिन 1000 से 1800 कैलोरी प्रतिदिन होता है। यह वजन, उम्र, कद और लिंग पर निर्भर करता है।

# प्रार्थना से भी दूर होता है तनाव



**तनाव** से निपटने के लिए आप क्या-क्या नहीं करते। व्यायाम से लेकर डॉक्टररी सलाह तक। लेकिन, इन सबके अलावा भी एक अन्य उपाय है। जो आसान होने के साथ-साथ बेहद कारगर भी है और वो है प्रार्थना। आपने कभी तनाव करने के लिए प्रार्थना का सहारा लिया है। जी, प्रार्थना से न सिर्फ तनाव का स्तर कम होता है, बल्कि यह कई बीमारियों से बचाने में भी मददगार साबित होती है।

एक शोध के मुताबिक प्रार्थना मन के साथ-साथ शरीर को भी स्वस्था रखती है। साथ ही इससे उम्र में भी इजाफा होता है। यही नहीं प्रार्थना करने से ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया में हुए इस शोध में पाया गया कि धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों में कई तरह की बीमारियां होने की आशंका भी कम होती है।

### जीवनशैली पर पूजा का प्रभाव

नियमित रुप से पूजा और प्रार्थना करने से मन में सकारात्क ऊर्जा बढ़ती है। और प्रार्थन करने वाला व्यक्ति भीतर से अच्छा और बेहतर महससू करता है। इससे जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है। आजकल अनियमित जीवनशैली कई रोगों की मुख्य वजह है। जब आप पूजा व प्रार्थना को अपने जीवन में एक आदत के तौर पर शामिल करते हैं तो निश्चित ही आप अपने अंदर अच्छा बदलाव महसूस करेंगे। विशेषज्ञों की मानें तो पूजा और संगीत व्यक्ति में बढ़ रहे दबाव का स्तर कम करते हैं। इसका मतलब है ये गतिविधियां जीवन में संतुलन बनाए रखती हैं। प्रार्थना का सकारात्मक प्रभाव देखने के लिए जरूरी है कि उसे दिल से किया जाए। नियमित योग करने वाले लोग जो हमेशा फिट रहते हैं वह भी एक किस्म की पूजा प्रार्थना ही कर रहे होते हैं।

### प्रार्थना के अन्य लाभ

- प्रार्थना करने से मन स्थिर और शांत रहता है। क्रोध पर नियंत्रण रखने में मदद मिलती है।
- इससे स्मरण शक्ति और चेहरे की चमक बढ़ती है।
- प्रार्थना से मन में सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है, जिससे मन निरोगी बनता है।
- शोध में पाया गया है नियमित तौर पर ईश्वर का ध्यान करने और प्रार्थना करने से रक्त संचार दुरुस्त रहता है।
- सामूहिक तौर पर प्रार्थना करने से व्यक्ति के मन में एकता का भाव बढ़ता है और अकेलापन दूर होता है।
- धार्मिक स्थल तक पैदल चल कर जाने से व्यायाम भी हो जाता है।
- प्रतिदिन प्रार्थना करने से व्यक्ति को ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है, जिससे एकाग्रता आती है।

### नोएटिक थैरेपी क्या है

एटिक (मंत्रों, संगीत, स्पर्श और प्रार्थना) थैरेपी वह थैरेपी होती है जिसमें बिना दवाई, करण और सर्जरी के इलाज किया जाता है। कई मरीजों पर नोएटिक थैरेपी का तेमाल करने से पाया गया है कि वह, जो सिर्फ दवाई लेते हैं, उनके मुकाबले इनके 30 तिशत ज्यादा सही होने की संभावना होती है साथ ही इन लोगों में एक आश्वासन इस त का भी होता है कि ये मरीज लंबे समय तक बीमार नहीं पड़ते।

## रेसिपी

### रवा केसरी



**सामग्री**

1/2 कप रवा (सूजी), 2 टेबल स्पून घी, डेढ कप दूध, 10-12 किशमिश, 4-10 कटे हुए बादाम, 1/4 टी स्पून छोटी इलायची पाउडर, कुछ धागे केसर के 1 टेबल स्पून पानी में भीगे हुए, स्वादानुसार चीनी।

**विधि**

एक कड़ाही में घी डालकर गर्म करें और रवा डालकर सुनहरा होने तक भूनें। डेढ़ कप पानी के साथ दूध मिलाएं और एक उबाल दें। फिर उसे भूने हुए रवा (सूजी) में मिलाकर गाढ़ा होने तक पकाएं। किशमिश, बादाम, केसर, इलायची पाउडर और चीनी डालकर अच्छी तरह मिलाएं। गरमागरम सर्व करें।

**कितने लोगों के लिए : 4**

### गवारफली की सब्जी



**सामग्री**

300 ग्राम गवार की फली, 1/2 छोटा चम्मच जीरा, 1/2 छोटा चम्मच अजवाइन, 1 चुटकी हींग, 1/4 छोटा चम्मच हल्दी पिसी हुई, नमक 1 छोटा चम्मच (या स्वादानुसार), 1/2 छोटा चम्मच पिसी हुई लाल मिर्च, छोटा चम्मच धनिया पिसा हुआ, 1/2 छोटा चम्मच अमचुर, तेल डेढ़ बड़ा चम्मच

**विधि**

गवार की फली के किनारे निकालकर, अगर इसमें कोई धागा है तो वो भी निकाल दें, अच्छी तरह धो लें और एक साफ कपड़े से इसका पानी पोंछ लें। फली को इच्छानुसार छोटे छोटे टुकड़ों में काट लें। एक कड़ाही में मध्यम आंच पर तेल गरम करें। इसमें जीरा और अजवाइन डालें, कुछ देर के लिए भूनें और फिर हींग डालें। आंच को धीमा करके हल्दी डालें और फिर गवार के टुकड़े डाल दें। इस सामग्री को अच्छी तरह मिलाएं। नमक, लाल मिर्च और धनिया पाउडर डालें, और फिर से सब्जी को एक मिनट के लिए चलाएं। गवार के गलने तक ढक कर पकाएं। इसमें लगभग 12-15 मिनट का समय लगता है। जब सब्जी गल जाए तो इसमें अमचूर डालकर सब्जी को दो मिनट के लिए भूनें। रोटी, पूरी, पराठा या फिर दाल चावल किसी के भी साथ गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**